संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

11 अगस्त 2026, मंगलवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 316

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस




# विधानसभा घेराव में उग्र हुए छात्र, सात स्तर की बैरिकेडिंग तोड़कर गेट नंबर-एक तक पहुंचे

## पुलिस ने किया छात्रों पर आंसू गैस, वाटर कैनन और लाठी चार्ज







### ● देवेंद्रनाथ हॉस्पिटल में भर्ती एम्बुलेंस से पहुंचे थे विधानसभा घेरने

### ● छात्रों पर लाठीजार्च के खिलाफ भाजपा का आज रांची बंद

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बाहर सोमवार को जेपीएससी और जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आंदोलन अचानक उग्र हो गया। हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी पुलिस की सात स्तर की बैरिकेडिंग को पार करते हुए विधानसभा के गेट नंबर-एक तक पहुंच गए। प्रदर्शनकारियों के विधानसभा की मुख्य बाउंड्री से करीब 10 मीटर दूर तक पहुंचने के बाद वहां अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के कई गोले छोड़े और जगन्नाथ मंदिर के पास प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। झड़प और भगदड़ में कुछ छात्रों के घायल होने की सूचना है। कुछ पुलिसकर्मियों के भी घायल होने की जानकारी सामने आई है।

बारिश के बीच प्रदर्शनकारी विधानसभा के गेट नंबर-एक के सामने डटे रहे और लगातार नारेबाजी करते रहे। पुलिस की ओर से उन्हें पीछे हटने और शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने की अपील की जाती रही। स्थिति बिगड़ती देख विधानसभा परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई। सुरक्षा के मद्देनजर विधानसभा में तैनात कर्मचारियों, अधिकारियों और कई विधायकों को दूसरे गेट से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

प्रदर्शनकारियों को विधानसभा तक पहुंचने से रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने मुख्य मार्गों पर सात स्तर की बैरिकेडिंग की थी। छात्रों के मुख्य समूह को रोकने के लिए पुलिस ने चेतावनी देने के साथ आंसू गैस और हल्के बल प्रयोग का सहारा लिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों के एक बड़े समूह ने मुख्य मार्ग छोड़कर खेतों और जगन्नाथपुर मंदिर की ओर जाने वाले शॉर्टकट रास्तों का इस्तेमाल किया।

पुलिस मुख्य बैरियर की सुरक्षा में लगी रही, इसी दौरान प्रदर्शनकारी अलग-अलग रास्तों से आगे बढ़ते हुए सातों बैरिकेडिंग पार कर विधानसभा के गेट तक पहुंच गए। इससे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन के सामने चुनौती खड़ी हो गई। इसके बाद विधानसभा और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती की गई।

विधानसभा के गेट तक पहुंचने के बाद छात्रों का एक समूह वापस जगन्नाथ मंदिर के पास एकत्र हो गया। वहां दूसरे गुट के साथ मिलकर प्रदर्शन और नारेबाजी जारी रही। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने ड्रोन के माध्यम से पूरे इलाके की निगरानी शुरू कर दी।

तनाव का असर विधानसभा से सटे विधायक आवास क्षेत्र तक भी पहुंचा। वहां भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। सीआईडी एडीजी मनोज कौशिक भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी राकेश रंजन ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने का प्रयास किया।

पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार यह प्रयास किया जाता रहा कि आंदोलन को शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त कराया जाए।

### जेपीएससी : फॉरेस्ट रेंज अफसर व एसीएफ शारीरिक परीक्षण जांच परीक्षा स्थगित 11 से होनी थी जांच परीक्षा

**रांची ।** जेपीएससी ने फॉरेस्ट रेंज अफसर (एफआरओ) तथा सहायक वन क्षेत्र पदाधिकारी (एसीएफ) भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षण जांच परीक्षा अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया है।आयोग की तरफ से परीक्षा नियंत्रक ने इस आशय का निर्देश सोमवार को जारी कर दिया है।फॉरेस्ट रेंज अफसर के 170 पदों पर नियुक्ति के लिए शारीरिक परीक्षण 11, 12 और 13 अगस्त 2026 को होना था। इसमें 743 अभ्यर्थी को शामिल होना था। इसी तरह सहायक वन क्षेत्र पदाधिकारी (एसीएफ) के 78 पदों पर नियुक्ति के लिए शारीरिक परीक्षण 17 और 18 अगस्त को होना था।इसमें 368 अभ्यर्थी को शामिल होना था।

## विपक्ष के बहकावे में न आएं छात्र : हेमंत सोरेन

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा घेराव के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर अपना संदेश साझा करते हुए सबसे पहले पुलिस और प्रशासन को स्थिति संभालने के लिए धन्यवाद किया. इसके बाद युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने लिखा कि लोकतंत्र में अपनी आवाज उठाना छात्रों का अधिकार है और उनकी बात को सुनना सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है. उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार के वरिष्ठ मंत्री लगातार अभ्यर्थियों से



संवाद कर रहे हैं और उनकी मांगों पर पूरी संवेदनशीलता से कार्रवाई की जाएगी. पिछले दिनों की कार्रवाइयों का हवाला देते हुए सीएम ने कहा कि दोषी चाहे कोई भी हो, सरकार ने किसी को नहीं बख्शा है. उनका मकसद परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी, तकनीक-सक्षम और सुरक्षित बनाना है. इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने छात्रों को आगाह करते हुए अपील की कि वे विपक्ष के राजनीतिक नैरेटिव और भड़काने वाले मनसूबों के बहकावे में न आएं, बल्कि सरकार के साथ संवाद और विश्वास के जरिए इस समस्या का स्थायी समाधान निकालें।

## छात्रों पर बल प्रयोग की राहुल गांधी ने की निंदा, सरकार छात्रों की बात सुने

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी की भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों को लेकर छात्रों का आंदोलन लगातार जारी है। सोमवार को प्रदर्शन के दौरान छात्रों और पुलिस के बीच टकराव की स्थिति बन गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया और लाठीचार्ज भी किया। अब इस कार्रवाई को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने झारखंड सरकार पर निशाना साधा है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए



शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग की निंदा की। उन्होंने कहा कि छात्रों को शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने का अधिकार है और किसी भी समस्या का समाधान बातचीत के जरिए किया जाना चाहिए। उन्होंने झारखंड सरकार से छात्रों की बात सुनने और उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने की अपील की। राहुल गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि झारखंड के छात्रों के लिए उनका संदेश साफ है कि शांतिपूर्ण ढंग से विरोध कर रहे छात्रों के खिलाफ किसी भी तरह की हिंसा स्वीकार्य नहीं है। उनका कहना था कि जब तक प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से हो रहा है, तब तक उसके खिलाफ हिंसात्मक कार्रवाई का वह विरोध करते हैं।

## छाताबाद भू- धंसान में बीसीसीएल सीएमडी सहित तीन पर एफआईआर

**संवाददाता**

**कतरास।** छाताबाद में शुक्रवार को हुई भू- धंसान की घटना में सोमवार को अनवर अली पिता अली मूर्तजा छाताबाद की शिकायत पर बीसीसीएल के सीएमडी सहित कई आला अधिकारियों पर मामला दर्ज किया गया है। कतरास पुलिस ने बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल, गोविंदपुर एरिया 3 के महाप्रबंधक सत्यकाम आनंद तथा न्यू आकाश कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी अरविंद कुमार झा पर मामला दर्ज किया है। अनवर अली ने शिकायत में 2 करोड़ 5 लाख का सम्पत्ति की क्षति होने का मामला दर्ज कराया है। शिकायत में कहां है कि बीसीसीएल एरिया 3 के न्यू आकाशकिनारी कोलियरी सलानपुर खदान के बगल में ही अपना घर है। सपरिवार रहते थे। 7 अगस्त को करीब 3.30 बजे दिन में अचानक काफी जोरदार ब्लास्टिंग का आवाज हुईं। उस समय मैं अपने परिवार के साथ घर पर था तो आवाज सुनकर बाहर निकला तो देखा कि मेरा घर एवं घर के अगल-बगल के करीब 12, 15 घर जोरदार ब्लास्टिंग के कंपन से धीरे-धीरे जमीन के के अंदर धंसने लगें हैं। थोडी देर में पूरा घर ज़मींदोज़ हो गया। घटना में करीब 10-12 लोग फंस गये थे। जिसे आस-पास के लोगों की मदद से बाहर निकाला गया।

## मुख्यमंत्री अवास के समक्ष धरना पर बैठे नेता प्रतिपक्ष समेत कई भाजपा नेता हिरासत में

**संवाददाता**

**रांची ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, दीपक प्रकाश और कई भाजपा विधायक एवं अन्य नेता मुख्यमंत्री आवास के बाहर धरने पर बैठे थे। भाजपा नेताओं ने छात्रों की मांगों का समर्थन करते हुए भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर राज्य सरकार पर सवाल उठाए और सरकार से मामले में कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री आवास के बाहर धरने पर बैठे पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई अन्य भाजपा नेताओं को भी पुलिस ने डिटेन कर लिया। हिरासत में लिए गए नेताओं को बस से खेलगांव स्थित कैंप जेल ले जार रखा रखा गया है। छात्रों के विधानसभा घेराव को देखते हुए रांची पुलिस और जिला प्रशासन ने पहले से ही सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। विधानसभा और मुख्यमंत्री आवास की ओर जाने वाले मार्गों पर बैरिकेडिंग के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।



प्रशासन की कोशिश थी कि प्रदर्शनकारी विधानसभा परिसर तक न पहुंच सकें, जबकि आंदोलनकारी छात्र किसी भी स्थिति में विधानसभा तक पहुंचकर अपनी मांगों को सरकार के सामने रखने पर अड़े रहे। पुलिस कार्रवाई और हिरासत के बाद भी छात्रों ने आंदोलन जारी रखने की बात कही है।

## देवघर बाबा मंदिर में करीब 4 लाख श्रद्धालुओं ने की पूजा



**संवाददाता**

**देवघर।** सावन की दूसरी सोमवारी पर बाबा बैद्यनाथ धाम में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। रविवार देर रात से ही कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की कतार लगनी शुरू हो गई थी। सोमवार सुबह तक जलार्पण के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार मंदिर से कुमैठा स्टेडियम तक पहुंच गई।

## जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष एल खियांग्ते गिरफ्तार



**संवाददाता**

**रांची ।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष एल खियांग्ते को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी जेपीएससी की 14वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा में कथित अनियमितताओं के मामले में हुई है। गिरफ्तारी के बाद सीआईडी की टीम उन्हें अपने कार्यालय ले गई है। पूछताछ की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें सोमवार शाम न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। एल खियांग्ते ने 22 जुलाई को जेपीएससी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था। इसके बाद मामले की जांच कर रही सीआईडी ने उन्हें समन जारी कर 28 जुलाई को पूछताछ के लिए बुलाया था। जांच एजेंसी ने उनसे कई दौर में पूछताछ की। सीआईडी ने पहले दिन करीब आठ घंटे, दूसरे दिन लगभग नौ घंटे और तीसरी बार 31 जुलाई को करीब नौ घंटे तक एल खियांग्ते से पूछताछ की थी। लंबी पूछताछ के बाद अब उनकी गिरफ्तारी की गई है।

### जेपीएससी नियुक्ति घोटाले में ईडी ने दर्ज की ईसीआईआर, टीडीपीएल के निदेशकों समेत आठ नामजद

**रांची ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) नियुक्ति घोटाले में ईफोर्समेंट केस इंफॉर्मेशन रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। इसमें डेटा प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड (टीडीपीएल) के दोनों निदेशकों समेत आठ लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। टीडीपीएल को भी मामले में अभियुक्त बनाए जाने के बाद झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से इस एजेंसी को दिए गए परीक्षा संबंधी कार्य भी जांच के दायरे में आ गए हैं।

## आदिवासी कला संस्कृति को जानने का अवसर है आदिवासी महोत्सव

**संवाददाता**

**रांची ।** मोरहाबादी मैदान में चल रहे झारखंड आदिवासी महोत्सव 2026 का समापन सोमवार को हो गया। जहां बोलना हीं संगीत और चलना ही नृत्य का स्लोगन चारों ओर महोत्सव की शोभा बढ़ा रही थी। दो दिवसीय इस आयोजन में उत्सव के कोन कोने में आदिवासियत की छलक देखने को मिली। कहीं मांदर तो कही बांस की बुनाई तो कहीं ट्राइबल ज्वेलरी तो कही आदिवासी व्यंजन लोगों को आकर्षण बना हुआ था।सोमवार को राजकीय अखरा यानि मुख्य मंडप के जगह आदिवासी अखरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुये।जिसकी



शुरुआत पद्मश्री मधुसुदन मंसूरी के झूमर गीत से हुई। इस बीच झूमर के साथ साथ बारिश की बौझार भी बढ़ती हीं जा रही थीं। बारिश के बावजूद लोगों का उत्साह कम ना हुआ। पूरे परिसर का कोना कोना लोग आदिवासी संस्कृति परंपरा से सराबोर था।लाल पाड़ सादा साड़ी और सादे कुरता पाजामा लाल बॉर्डर में पुरुषों का पहनवा देखते हीं बन रहा था।उधर एक के बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की गूंज निरंतर बज रही थी। गुलाब सिंह मुंड के पाईका नृत्य तो मनूपरन नायकी की मांदर , घासी राम महतो की शिकारी नृत्य तो श्री कृष्ण की उरांव की गीत नृत्य लोगों का दिल जीता।

वहीं नागपुरी जनानी झुमर का भी लोगों ने खूब आनंद लिया।मुंडरी लोक गीत,संताली नृत्य उरांव लोग गीत और नागपुरी गीत नृत्य का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। इसके साथ हीं कला सास्कृतिक विकास समिति सिल्ली ने झुमर करम नृत्य की पेशकश की।लोग उत्सव में नाचते गाते और आदिवासी दिवस का आनंद मनाते दिखे। वहीं परिसर में लगे सेल्फी जोन में ट्राइबल परिधानों में पूरा का पूरा परिवार सेल्फी लेता दिखा।झारखंड की विलुप्त होते ट्राइबल आभूषण एवं वाद्ययंत्र थीम पर कलाकार पेंटिंग के माध्यम से ट्राईबल परिधानों में अपनी पेंटिंग के माध्यम से संदेश देते नजर आये।

जादुपटिया में निलम निरद तो सोहराई में सुष्मिता तिर्की ने चार चांद लगाया। वहीं मशहूर पेंटर सीआर हेम्रम ने आदिवासी महिला की उसके आभूषणों के संग खूबसूरत पेंटिंग बनायी।वहीं खूंटी के अभिजीत मुंडा और लालपुर के बिन्नी मुंडा ने अपने ट्राईबल परिधानों के गेटअप में पेंटिंग की।कहा ये हम आदिवासियों की परंपरा है जिसे हम बरकरार रखेंगे।

## परीक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग के बीच एसकेएमयू में नई एजेंसी की तलाश

**विशेष संवाददाता**

**दुमका।** परीक्षा प्रणाली में सुधार की लगातार उठ रही मांगों के बीच सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने परीक्षा संबंधी कार्यों के लिए नई एजेंसी के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।एसकेएमयू ने प्रतिष्ठित और अनुभवी फर्मों से सीलबंद टेंडर आमंत्रित किया है। चयनित एजेंसी परीक्षा से जुड़े प्री-एग्जामिनेशन और पोस्ट-एग्जामिनेशन कार्यों के अलावा गोपनीय परीक्षा कार्य भी करेगी।ओएमआर एवं बारकोडेड उत्तरपुस्तिकाओं के माध्यम से होने वाली परीक्षाओं से संबंधित कार्य भी एजेंसी करेगी।विश्वविद्यालय ने टेंडर में भाग लेने वाली फर्मों के लिए कम से कम पांच वर्ष का अनुभव अनिवार्य किया है। ऐसी प्रतिष्ठित और अनुभवी फर्मों को ही प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर दिया गया है, जिन्हें विश्वविद्यालय स्तर पर परीक्षा संबंधी कार्यों का पर्याप्त अनुभव हो।टेंडर में झारखंड और बिहार के सरकारी विश्वविद्यालयों में परीक्षा कार्य करने वाली एजेंसियों को प्राथमिकता देने की बात भी कही गई है।विश्वविद्यालय ने एजेंसी चयन के लिए टू-बिड सिस्टम अपनाया है।

---

विश्वविद्यालय में अब तक परीक्षा संबंधी कार्यों का जिम्मा एनसीसीएफ नामक एजेंसी के पास था। उसका कार्यकाल पूरा होने के बाद नई एजेंसी के चयन की प्रक्रिया शुरू की गई है। विश्वविद्यालय सूत्रों के अनुसार कुछ माह पूर्व भी इस कार्य के लिए टेंडर आमंत्रित किया गया था, लेकिन उस समय केवल एक एजेंसी ने ही टेंडर दाखिल किया था। पर्याप्त प्रतिस्पर्धा नहीं होने के कारण अब विश्वविद्यालय ने दोबारा टेंडर जारी किया है।टेंडर की विस्तृत शर्तें, पात्रता, नियम एवं अन्य आवश्यक जानकारी विश्वविद्यालय द्वारा जारी टेंडर दस्तावेज में दी गई है।

## विस में जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा गड़बड़ी का मुद्दा गरमाया, सीबीआई जांच की मांग

संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन सोमवार को अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दे सदन में प्रमुखता से उठे। विधायक जयराम महतो ने छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच कराने और जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों समेत अन्य लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।जयराम महतो ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ी की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार ने छात्रों से बातचीत के बाद 14वीं जेपीएससी पीटी परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया है, लेकिन छात्रों की मुख्य चिंता अभी भी दूर नहीं हुई है। उन्होंने सीजीएल परीक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए इसकी जांच कराने की मांग की। महतो ने यह भी दावा किया कि आरोपित ने करीब 400 अभ्यर्थियों का चयन कराने की बात स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि ऐसे आरोपों के मद्देनजर सीजीएल परीक्षा की उच्चस्तरीय सीबीआई जांच होनी चाहिए। उन्होंने सरकार से परीक्षा रद्द करने की मांग भी की। सरकार की ओर से न्यायिक पेंच का हवाला दिए जाने पर महतो ने कहा कि यदि सरकार जांच के लिए ईडी की मांग अदालत के समक्ष रख सकती है तो सीजीएल परीक्षा रद्द करने का मुद्दा भी अदालत के सामने रखा जा सकता है। उन्होंने सरकार से मामले की मौजूदा स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

## राजमहल म्यूजियम की हो स्थापना :विधायक

**साहिबगंज ।** राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने विधानसभा सत्र के दौरान शुन्यकाल में राजमहल के गंगा भवन के मुद्दा को उठाते हुए उन्होंने कहा कि गंगा भवन जो पूरी तरह जर्जर है और वहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होता है. उसे गंगा हेरीटेज स्थल के रूप में विकसित करते हुए सौंदर्यीकरण कार्य कर राजमहल यूजियम की स्थापना हो ताकि पर्यटन के क्षेत्र में राजमहल विकसित हो सके. उन्होंने कहा कि राजमहल में पर्यटन के काफी आसार हैं और गंगा नदी के माध्यम से भी पर्यटकों का आवागमन होता रहता है.ऐतिहासिक धरती राजमहल को पर्यटन के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है.इधर सरकार की ओर से मामले में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त हुआ है. राजमहल शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के आम जनता ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक का यह पहल क्षेत्रहित में सकारात्मक है.

## सोन नदी में नहाने के दौरान सेल्फी ले रही तीन लड़कियां डूबी, दो लापता

**गढवा ।** सावन की सोमवारी पर पूजा-अर्चना और जल उठाने गयी तीन बच्चियों के सोन नदी के तेज बहाव में बहने से इलाके में हड़कंप मच गया। हादसा गढ़वा जिले के केतार थाना क्षेत्र के पाचाडुमर सोन नदी घाट पर हुआ।स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए एक बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि दो बच्चियां अभी भी गहरे पानी में लापता हैं। पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम गोताखोरों की मदद से लगातार राहत और बचाव कार्य में जुटी है।जानकारी के अनुसार, सावन की सोमवारी को लेकर पाचाडुमर सोन नदी घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी थी। इसी दौरान केतार गांव की तीन बच्चियां जूली कुमारी, निक्की कुमारी और प्रिया कुमारी नदी में स्नान और जल उठाने के क्रम में सेल्फी लेते हुए अचानक गहरे पानी में चली गयी और तेज धार की चपेट में आ गयी।

## मजदूर - किसानों के देशव्यापी जेलभरो आंदोलन में धनबाद में दो सौ ने दी गिरफ्तारी




**धनबाद।** केंद्रीय मजदूर संगठन तथा संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी जेलभरो आंदोलन में धनबाद में भी मजदूर किसानों ने गिरफ्तारियां दी। जुलूस निकाला। केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी की और केंद सरकार पर जनविरोधी नीति अपनाने का आरोप लगाया। मजदूर संगठनों और किसान सभा ने संयुक्त रूप से धनबाद जिला परिषद मैदान से जेलभरो रैली निकाली। रैली मुख्य मार्ग होते हुए पार्क मार्केट हीरापुर, रणधीर वर्मा चौक, कोर्ट परिसर रोड होकर केंद्रीय डाक विभाग धनबाद पहुंचा। वहां सड़क जाम कर दिया। धनबाद थाना प्रभारी सभी को गिरफ्तार कर थाना लेकर आए। दो सौ से ज्यादा लोग गिरफ्तारी दी। सभी को दिनभर थाना परिसर में बिठाये रखा और शाम को बिना शर्त सभी को रिहा कर दिया।जेल भरो आंदोलन को संबोधित करते हुए मजदूर - किसान के नेताओं ने कहा कि कि अगस्त क्रांति अंग्रेज भारत छोड़ो आंदोलन कर हमारे पूर्वजों ने इतिहास रचा और देश स्वाधीन हुआ।

## साइबर ठगी में नाबालिग समेत पांच गिरफ्तार, नौ फरार

**धनबाद।** साइबर ठगी के खिलाफ अभियान में धनबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चिरकुंडा थाना क्षेत्र में साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक नाबालिग सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।वहीं गिरोह के नौ अन्य सदस्य फरार हो गये। पुलिस ने एमपीएल ओपी क्षेत्र के तिलतोड़िया निवासी प्रेम रविदास, बिनोद रविदास, गोविंदपुर थाना क्षेत्र के खड़काबाद निवासी गुलाब रविदास, चिरकुंडा थाना क्षेत्र के डुमरकुंडा लायकडीह निवासी आयुष सिंह व एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से पांच मोबाइल फोन, विभिन्न कंपनियों के सिम कार्ड, यूको बैंक से संबंधित ग्राहकों का डाटा बरामद किया है।यह जानकारी ग्रामीण एसपी एस मोहम्मद याकूब ने सोमवार अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता में दी। इस दौरान एसडीपीओ निरसा लिलेश्वर महतो सहित अन्य उपस्थित थे।ग्रामीण एसपी ने बताया कि दूरसंचार विभाग, बिहार अनुज्ञप्ति सेवा क्षेत्र, पटना से प्राप्त सूचना के अनुसार एक जनवरी 2026 से 29 मई 2026 के बीच चिरकुंडा थाना क्षेत्र के मुकेश स्टोर दुकान से कुल 64 सिम जारी किये गये थे।इसमें 27 सिम के खिलाफ नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर साइबर ठगी से संबंधित शिकायतें दर्ज हैं।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी खोबोर

**ई-नीलामी खोबोर सं. एएसएन-एमएसएस-20-08** **माहित:** **05.08.2026** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते अनुबंध एमोक् लागित् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** मेताक्मे आईआरईपीएस पोर्टल दाराय ते ई-नीलामी नेवतायेत् काना। नोआ रेयाक् नोडका लेका मेनाक्आः **कैटलॉग सं. एएसएन-एमएसएस-20-08, नीलामी एहोबोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः माहित** 20.08.2026 हिलोक् 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं. आर बानाडाय** दो नोडका लेका मेनाक्आः **एए/1**, एमएसएस-एएसएन-सीआरजे एसएलपॉड-176-26-1 (एमआईएससी स्टैटिक-सर्विसेस-स्टेशन रे स्लीपिंग पॉड), आसनसोल मंडल रेयाक् चित्तरंजन रेलवे स्टेशन रे सांगाड़ियाको सुरक्षित, निपुटसालाक्, आरामसालाक् आर साहता हुडिञ जिराक् ओड़ाक् एमाको लागित् ते आधुनिक सुक-सुबिताको ते साजावाकात् स्लीपिंग पॉड 05 बोछोर सोमोय लागित् लाहान्तीय, चालाव-बानाव आर ञेलजोतोन बाखरा अनुबंध एमाको। मोट क्षेत्रफल = 517 वर्गफीट । **एबी/1,** एमएसएस-एएसएन-जेएसएमई-एसटीजीईएन-169-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), जसीडीह रेलवे स्टेशन रेयाक् नावां सर्कुलेटिंग एरिया रे 03 बोछोर सोमोय लागित् रिटेल स्टोर बाईसाउ, चालाव-बानाव आर ञेलजोतोन बाखरा अनुबंध एमाको। **एबी/2**, एमएसएस-एएसएन-जेएसएमई-एसटीजीईएन-150-26-1(एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), नोआ कैटलॉग सोंगे ते सेलेत्आकात् रफस्केच प्लान लेका रे जाव 36 फीट तारी रे जसीडीह, बैद्यनाथधाम आर देवघर स्टेशनको रे ऐप आधारित कैब/बाइक बुकिंग कियोस्क बाईसाउ, चालाव-बानाव आर ञेलजोतोन बाखरा अनुबंध एमोक्। जोतो नामडाक बोलीदाताको सूची लेका रे नोआ ई-नीलामी रेयाक् पुराउ बानाडाय आर सेलेदोक् लागित् दो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** ञेल रेयाक् सोलहा एमावाको काना।

ASN-203/2026-27

**ठिका खोबोरको दो वेबसाइट www.er.indiarailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।**

नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# झारखंड में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करना भी अपराध : आदित्य




संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** छात्रों को न्याय दिलाने को लेकर उनके समर्थन में भाजपा नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के नेतृत्व में नेता प्रतिपक्ष की मौजूदगी में मुख्यमंत्री आवास के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने छात्रहित में सभी भर्ती परीक्षाओं में हुई गड़बड़ी की सीबीआई से जांच कराने और मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग की। उल्लेखनीय है कि पिछले 17 दिनों से राज्य भर के छात्र रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम में धरना और आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। सरकार से कई दौर की वार्ता के बाद भी उनकी बातों को नहीं माना। इधर, इस मामले को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि 17 दिनों से राज्य के बच्चे जयपाल सिंह स्टेडियम में धरना और आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं, लेकिन सरकार को सुध लेने की फुर्सत नहीं है। छात्रों के समर्थन में हम सभी बाबूलाल मरांडी के साथ भाजपा के सभी विधायक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता, मुख्यमंत्री से वार्ता करने उनके आवास जा रहे थे। भाजपा नेताओं को मुख्यमंत्री आवास के बाहर ही पुलिस ने रोक दिया, विरोधस्वरूप भाजपा नेता सीएम आवास के बाहर धरना पर बैठ गए। जिस प्रकार भाजपा नेताओं को घसीट-घसीटकर बस में बैठाया गया, वह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। क्या अब राज्य में लोकतांत्रिक तरीके से भी बातें रखने का अधिकार नहीं है। इसका मतलब राज्य सरकार तानाशाही सरकार, दमनकारी सरकार चलना चाहती है। इस सरकार के खिलाफ एक-एक छात्र, एक-एक जनता अब उग्र आंदोलन करेगी। साहू ने छात्रों पर लाठीचार्ज को लेकर कहा कि हेमंत सरकार लाठी के दम पर छात्रों की आवाज दबाना चाहती है। यह बर्बरतापूर्ण कार्रवाई है। अपने हक और अधिकार की मांग कर रहे निहत्थे छात्रों पर पुलिस का लाठीचार्ज बेहद शर्मनाक और लोकतंत्र के लिए काला अध्याय है। पहले बारिश में टेंट नहीं लगाने दिया, फिर वाटर कैनन चलाया और अब छात्रों पर लाठियां बरसाई जा रही हैं।नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड के छात्र पिछले 15 दिनों से अधिक समय से सीबीआई जांच की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

वार्ता के नाम पर सरकार उन्हें टहला रही है। उनकी तबियत खराब हो रही है और सरकार तमाशबीन बनी हुई है। इसी मुद्दे पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सभी विधायक, पदाधिकारी के साथ हम सब मुख्यमंत्री से मुलाकात कर छात्रों की मांगों पर कार्रवाई की मांग करने जा रहे थे। झारखंड के छात्रों के साथ हुए इस अन्याय के खिलाफ भाजपा सड़क से लेकर सदन तक हर स्तर पर लड़ाई लड़ेगी और उन्हें न्याय दिलाकर ही रहेगी।वहीं नेता प्रतिपक्ष ने झारखंड के छात्रों पर लाठीचार्ज की कार्रवाई को क्रूरता और बर्बरता पूर्ण बताते हुए कहा कि बरस रही हर लाठी झामुमो-कांग्रेस सरकार के ताबूत का आखिरी कील साबित होगी। जितनी क्रूरता और बर्बरता करनी है, सरकार कर ले, लेकिन युवाओं के हौसले के सामने हर दमन पस्त होगा। झामुमो-कांग्रेस सरकार याद रखे, झारखंड के छात्रों पर बरसाई गई हर लाठी का जवाब दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार की इस तानाशाही का करारा जवाब पार्टी देगी। झारखंड के छात्रों को न्याय दिलाने तक केवल रांची ही नहीं बल्कि पूरे राज्य में हमारा संघर्ष जारी रहेगा। मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, बालमुकुंद सहाय, भानु प्रताप शाही, गीता कोड़ा, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, अमर कुमार बाउरी, मनोज सिंह, मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, विधायक सीपी सिंह, मनोज यादव, राज सिन्हा, अमित कुमार यादव, आलोक चौरसिया, देवेंद्र कुंवर, शशिभूषण मेहता, नागेंद्र महतो, रौशनलाल चौधरी सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता शामिल थे।

# बाइक छीनकर भाग रहे अंतरराज्यीय गिरोह के बदमाश को ग्रामीणों ने पीट -पीट कर मार डाला

संताल एक्सप्रेस

**सरैयाहाट।** अंतरराज्यीय बाइक छीनतई गिरोह के एक शातिर अपराधी को रविवार की देर रात सरैयाहाट थाना क्षेत्र के मोहरा स्थित जंगल में ग्रामीणों ने पीट-पीटकर मार डाला। मृतक की पहचान बिहार के बंधुआकूड़ा थाना क्षेत्र के अंबातरी गांव निवासी अरबाज अंसारी (करीब 24 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं, भागने के दौरान एक अन्य अपराधी दानवीर पासवान को पुलिस ने गिर तार कर लिया, जबकि गिरोह का तीसरा सदस्य अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, रविवार की रात हंसडीहा थाना क्षेत्र के पगवारा पहाड़ के समीप माइक्रो फाइनेंस कंपनी क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड के हंसडीहा ब्रांच मैनेजर आशीष मंडल की अपाचे बाइक हथियार से लैस तीन अपराधियों ने छीन ली। आशीष मंडल के अनुसार, वह पगवारा पहाड़ के पास घूमने गए थे। इसी दौरान तीन अपराधी उनके पास पहुंचे और पिस्टल के बट से मारपीट करने के बाद बाइक छीनकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही हंसडीहा थाना प्रभारी अजित यादव ने पुलिस बल के साथ अपराधियों का पीछा शुरू कर दिया। इधर, सरैयाहाट पुलिस ने भी थाना प्रभारी राजेंद्र यादव के नेतृत्व में अपराधियों को पकड़ने के लिए घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस से बचने के लिए अपराधी झारखंड मोड़ से मोहरा की ओर भागते हुए शुंभेश्वरनाथ मंदिर के समीप जंगल में जा छिपे। पुलिस जब जंगल में अपराधियों तक पहुंची तो दो अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर पैदल जंगल की ओर भागने लगे, जबकि एक अपराधी बाइक लेकर कोठिया की ओर भागा। इसी दौरान चौराजोर के तीखे मोड़ पर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे पकड़कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दुमका रेफर कर दिया गया। इधर, जंगल में भागे दोनों अपराधियों की जानकारी ग्रामीणों को मिली। ग्रामीणों ने उनमें से एक को जंगल में खदेड़कर पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल अपराधी को जंगल से बरामद कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरा अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा। सोमवार को पुलिस ने मृतक अरबाज अंसारी के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस फरार अपराधी की तलाश में जुटी है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने सदस्यों की गैरमौजूदगी पर जताई नाराजगी



संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष ने सदस्यों की गैरमौजूदगी पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कई बार सदस्य सदन में सवाल पूछते हैं, लेकिन जब उनके सवाल का नंबर आता है तो वे सदन में मौजूद नहीं रहते। इससे सदन की कार्यवाही प्रभावित होने के साथ-साथ उसकी गरिमा पर भी असर पड़ता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन सदस्यों के सवाल सूचीबद्ध हैं, उन्हें अपने सवाल के समय सदन में उपस्थित रहना चाहिए। कार्यवाही के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सदस्यों के नाम पुकारकर उनकी उपस्थिति दर्ज करा रहे थे। इसी क्रम में विधायक अरूप चटर्जी का नाम पुकारे जाने पर उन्हें अनुपस्थित बताया गया। इस पर अरूप चटर्जी ने तत्काल कहा कि वह सदन में ही मौजूद हैं। इससे सदन में कुछ देर के लिए स्थिति असहज हो गई। इसी तरह देर से सदन में पहुंचे विधायक प्रदीप यादव और जयराम महतो के सवालों का नंबर पहले ही आ चुका था। दोनों विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया कि उनके सवालों को भी लिया जाए। हालांकि अध्यक्ष ने कहा कि सदन की कार्यवाही आगे बढ़ चुकी है और निर्धारित क्रम के अनुसार अब अगले सवाल पर बढ़ा जा चुका है। इस घटनाक्रम के माध्यम से अध्यक्ष ने सदस्यों को समय की पाबंदी और सदन में नियमित उपस्थिति का संदेश दिया। सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजकर छह मिनट पर शुरू हुई। कार्यवाही शुरू होने के समय भाजपा का कोई भी विधायक सदन में मौजूद नहीं था। इससे सदन में विपक्ष की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय बनी। कार्यवाही के दौरान वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन को जानकारी दी कि सोमवार को मु यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन है। इसके बाद सत्तारूढ़ दल के सदस्यों ने मु यमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सदन में कुछ समय के लिए उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। प्रश्नकाल के दौरान कोलेबिरा विधायक बिक्सल कोंगाड़ी ने पशुपालकों को पशुपालन योजनाओं का लाभ मिलने से संबंधित सवाल उठाया। विधायक ने सरकार से विभाग की योजनाओं और पशुपालकों को मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी मांगी। सरकार की ओर से जवाब देते हुए बताया गया कि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के बजट में पिछले कई वर्षों से विभिन्न योजनाओं के संचालन और संबंधित कार्यों के लिए प्रावधान किया जाता रहा है। सरकार ने कहा कि बजट में बढ़ोतरी के साथ आने वाले समय में अधिक से अधिक योजनाओं को इसमें शामिल किया जाएगा। सरकार की ओर से यह भी कहा कि पशुपालकों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विभाग लगातार अपनी योजनाओं का विस्तार कर रहा है। पशुपालन क्षेत्र को बढ़ावा देने और इससे जुड़े लोगों को संस्थागत सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पहली बार पशुपालन योजना बोर्ड की शुरुआत भी की गई है।

## जेबीसीसीआई को गठन व चोर लेवर कोड के विरोध में संयुक्त मोर्चा ने किया धरना



**धनबाद।** जेबीसीसीआई-12 का गठन व चोलर लेवर कोड के खिलाफ संयुक्त मोर्चा द्वारा सोमवार को इसीएल मुगमा क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य द्वारा पर एक दिवसीय धरना व प्रदर्शन किया गया।धरना में पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो भी शामिल हुए।संचालन जगदीश शर्मा ने किया।धरना को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री महतो ने कहा कि आज देश में मजदूर और किसानों के साथ खुलेआम भेदभाव कर शोषण किया जा रहा है।माइन डेवलपर सह ऑपरेटर के नाम पर कोल इंडिया और कोयला खदानों का अंधाधुंध निजीकरण किया जा रहा है।जिसे मजदूर किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा।कहा कि चारों लेवर कोड को बैक दरवाजे से लाकर लागू करन की कोशिश की जा रही है। ताकि मजदूरों के लोकतांत्रिक व कानूनी अधिकारों को छीना जा सके। उन्होंने कहा कि मजदूर अधिकारों की रक्षा और इस तानाशाही के खिलाफ बहुत जल्द सभी यूनियनों की एक संयुक्त बैठक रांची में आयोजित की जाएगी। जहां से पूरे कोयला उद्योग में आर-पार की लड़ाई लड़ने की घोषणा की जायेगी। इस दौरान सीएमडी के नाम एजीएम सतानंद शर्मा को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। सभा को आरसीएमएस के महासचिव सह जेबीसीसीआई सदस्य एके झा, गणेश धर, कष्णा सिंह, लक्खी सोरेन, शशि तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, मनोज सिंह, नागेन्द्र सुमार, उमेश गोस्वामी, अरूण सिंह, पीएन राय ने संबोधित किया मौके पर बिपिन मंडल, नकुल मोदी, सुदाम भंडारी, तारापदों गोप, सत्येन्द्र कुमार सिंह, शमीम अंसारी, रंजीत मोदी, बाबू लाल सोरेन, रबिंद्र सिन्हा, मुन्ना पासवान, धर्मेंद्र यादव, परशु नाहक, राघवेन्द्र राय, उमेश सिंह, अजय कुमार, मानस तिवारी, कुंजल चौहान, लव यादव सहित काफी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

## सहायक आचार्य प्रतियोगिता की 70 सीटें खाली रखें : हाइकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य प्रतियोगिता परीक्षा-2023 में दो वर्षीय बीएड डिग्री वाले अभ्यर्थियों को शामिल करने के एकल पीठ के आदेश को चुनौती देनेवाली अपील पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस एमएस सोनक व जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने लंबी सुनवाई के बाद झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की अपील याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया। साथ ही खंडपीठ ने राज्य सरकार एवं जेएसएससी को सहायक आचार्य प्रतियोगिता परीक्षा में 70 सीटें रिक्त (रिजर्व) रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा खंडपीठ ने मामले में दायर अवमानना याचिका की सुनवाई पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दिया। मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2027 में होगी. इसी मामले से जुड़े अन्य 168 अभ्यर्थियों को भी उचित राहत के लिए एकल पीठ के समक्ष जाने की स्वतंत्रता दी गयी।इससे पूर्व अपीलकर्ता जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल ने पक्ष रखा।उन्होंने खंडपीठ को बताया कि हाइकोर्ट ने झारखंड के रहनेवाले वैसे विद्यार्थी जो सीटेट या पड़ोसी राज्यों के टेट पास हैं, उन्हें भी सहायक आचार्य की परीक्षा में शामिल करने का आदेश दिया था। इसको परिमल कुमार व अन्य ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।इसी दौरान राज्य सरकार ने वर्ष 2024 में सहायक आचार्य नियमावली में संशोधन कर लागू किया था।फिर इनसे आवेदन लिया गया, लेकिन वर्ष 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि उक्त परीक्षा के लिए सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2022 ही लागू रहेगी। संशोधित नियमावली 29 जनवरी 2024 लागू नहीं होगी, जिसमें दो वर्षीय बीएड वाले को भी योग्य माना गया था।सुप्रीम कोर्ट ने दो वर्षीय बीएड वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल करने के संबंध में कोई दिशा निर्देश नहीं दिया था।

## रांची में सीआईडी के आफिस पहुंचीं जेपीएससी की पूर्व सदस्य अजिता भट्टाचार्य

**रांची ।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की परीक्षा में गड़बड़ी मामले की जांच कर रहे अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के समन के बाद जेपीएससी की पूर्व सदस्य डॉ. अजिता भट्टाचार्य सोमवार को पूछताछ के लिए यहां सीआईडी कार्यालय पहुंचीं।सूत्रों ने बताया कि जेपीएससी के तीनों सदस्यों को सीआईडी की ओर से समन भेजा गया था। समन के बाद तीनों सदस्यों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अब जांच एजेंसी उनसे परीक्षा प्रक्रिया और कथित गड़बड़ियों से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर पूछताछ कर रही है।उल्लेखनीय है कि सीआईडी जेपीएससी परीक्षा में कथित अनियमितता के मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान आयोग से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा चुकी है। इसी क्रम में पूर्व सदस्य अजिता भट्टाचार्य को आज सीआईडी कार्यालय बुलाया गया है।

## सदर अस्पताल में मरीज की मौत डिस्चार्ज को लेकर हंगामा और तोड़फोड़

**रांची।** सदर अस्पताल में मरीज की मौत, इलाज में देरी और डिस्चार्ज को लेकर परिजनों और चिकित्सा कर्मियों के बीच अक्सर हिंसक झड़पें लगातार सामने आ रही हैं।सोमवार को एक मरीज के साथ सेंट्रल कंसोल रूम में कार्यरत एक्सरे टेक्नीशियन को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान के नाम पर न केवल धमकी दी गई बल्कि बाहर से 10 - 15 लोगों को बुलवाकर एक्सरे टेक्नीशियन माधव राज भंडारी की जमकर पिटाई की गई। उन्हें इतनी बुरी तरह से लात-घूसा चलाकर पीटा गया कि उनका एक हाथ में फ्रैक्चर हो गया और उनके आंखों और चेहरे पर भी गंभीर चोटें लगी है।इस दौरान उनके दाहिने हाथ की उंगलियां बुरी तरह से चोटिल हो गई। आर्थो डिपार्टमेंट में दिखाने के बाद उन्हें प्लास्टर कराया गया।मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में सदर अस्पताल में पीड़ित पक्ष की ओर से एक्सरे टेक्नीशियन जलेश्वर महतो, दिनेश पाठक, ज्योति कच्छप सहित आठ स्टॉफ की ओर से लोअर बाजार थाना में पुलिस को लिखित शिकायत की गई। बताया जा रहा है कि मरीज का एक्सरे करने की बात कही गई गई थी।इसके बावजूद परिजन ने उनके साथ मारपीट की और जब हल्ला हुआ तब वे गाड़ी से मरीज को ले कर फरार हो गए। अस्पताल के एक्सरे कैसेट सहित अन्य उपकरणों को नुकसान पहुंचाने की बात कही गई है।घटना के बाद से अस्पताल के मेडिकल स्टॉफ डरे-सहमे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से थाने में लिखित शिकायत दी गई है।दूसरे पक्ष ने अस्पताल कर्मियों पर छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

## लुईस मरांडी ने आंधी-तूफान से मकान क्षति के मुआवजे का मामला उठाया

**रांची ।** झारखंड विधानसभा में सोमवार को आंधी-तूफान के कारण मकान गिरने या क्षतिग्रस्त होने वाले लोगों को मिलने वाली सरकारी सहायता का मुद्दा उठाया गया। झामुमो विधायक डॉ. लुईस मरांडी ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से मांग की कि निर्धारित सहायता राशि की सीमा में बदलाव कर वास्तविक नुकसान के आकलन के आधार पर पीड़ितों को मुआवजा देने की व्यवस्था की जाए।विधायक ने कहा कि राज्य सरकार के प्रावधानों के अनुसार प्राकृतिक आपदा के कारण मकान को आंशिक क्षति होने पर चार हजार, पांच हजार या आठ हजार रुपये तथा मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने पर एक लाख 20 हजार रुपये की सहायता राशि देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि निर्धारित स्लैब के कारण कई मामलों में मकान को हुए वास्तविक नुकसान के अनुपात में पीड़ित परिवारों को पर्याप्त मुआवजा नहीं मिल पाता है।डॉ. लुईस मरांडी ने सरकार से पूछा कि क्या निर्धारित मुआवजा नियमों में शिथिलता बरतते हुए मकान को हुए वास्तविक नुकसान का आकलन कर उसके आधार पर पीड़ितों को सहायता राशि उपलब्ध कराई जा सकती है।इसके जवाब में आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि इस मामले में केंद्र सरकार से पत्राचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रा'य सरकार केंद्र से आवश्यक राशि की मांग करेगी, ताकि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को उचित सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जा सके।

## भूमि की नियम विरुद्ध रसीद काटने के आरोपित पूर्व सीओ पर होगी कार्रवाई : भू-राजस्व मंत्री

**रांची।** नियम विरुद्ध 748.46 एकड़ खुटकट्टी भूमि की रसीद काटने के आरोपित सोनाहातु के पूर्व अंचलाधिकारी (सीओ) आलोक कुमार के खिलाफ एक माह के भीतर कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुवा ने सोमवार को झारखंड विधानसभा में दी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक अमित कुमार के तारांकित प्रश्न का जवाब देते हुए मंत्री ने सदन को बताया कि पूर्व सीओ आलोक कुमार के खिलाफ अदालत में आरोप गठित किया जा चुका है। इसके आधार पर उनके विरुद्ध विभागीय स्तर पर कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।प्रश्न के दौरान विधायक अमित कुमार ने कार्रवाई में हो रही देरी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि मामले में आरोप गठित होने के बावजूद कार्रवाई में काफी विलंब हो रहा है। विधायक ने सरकार से अदालत में गठित आरोप की प्रति उपलब्ध कराने की मांग भी की।

## लातेहार में 146 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**लातेहार ।** लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर जिला पुलिस ने बालूमाथ थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाकर 146 किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में राहुल भईसल, कलामुद्दीन और संतोष बेहरा शामिल है। तीनों अपराधी ओडिशा के रहने वाले हैं। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त होंडा सिटी कार और रेकी के लिए इस्तेमाल की जा रही बोलेरो को भी जब्त किया है। बरामद गांजा की अनुमानित बाजार कीमत करीब 22 लाख रुपये बताई गई है।इस संबंध में डीएसपी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदवा की ओर से सफेद रंग की होंडा सिटी कार में गांजा की खेप लेकर कुछ लोग बालूमाथ के रास्ते बिहार की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर मकईयाटांड़ पुलिस पिकेट के पास पुलिस टीम ने छापेमारी की।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी खोबोर

**ई-नीलामी खोबोर सं. एडीवीटी-एएसएन-21-08** **माहित: 06.08.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते अनुबंध एमोक् बाखरा आईआरईपीएस पोर्टल मेताक्मे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** दाराय ते ई-नीलामी नेवतायेत् काना। नोआ रेयाक् बानाडाय दो नोडका लेका मेनाक्आः **कैटलॉग संख्याः एडीवीटी-एएसएन-21-08, नीलामी एहोबोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 21.08.2026 हिलोक् 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं. आर बानाडाय** दो नोडका लेका मेनाक्आः **एए/1, एडीवीटी-एएसएन-एमडीपी-ओएच-193-26-1** (विज्ञापन-आउट ऑफहोम), 03 बोछोर सोमोय लागित् मधुपुर रेलवे स्टेशन रेयाक् स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया रे दक्षिणी भाग रे नावां बुकिंग कार्यालय ठेन वाणिज्यिक प्रचार उदुग लागित् अनुबंध एमाको। रेलवे बोर्ड होतेते ओडोकाकान विज्ञापन रेयाक् आउट ऑफहोम नीति लेकाते वाणिज्यिक विज्ञापन उदुग लागित् नोआ अनुबंध तारी रे 300 वर्ग फीट रेयाक् मोट क्षेत्रफल एमावाकोआ। **एए/2, एडीवीटी-एएसएन-एएसए-ओएच-118-26-1** (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), आसनसोल रेयाक् नॉन-सर्कुलेटिंग एरिया रे होर्डिंग दाराय ते वाणिज्यिक प्रचार उदुग लागित् अनुबंध एमाको (मोट क्षेत्रफल - 500 वर्ग फीट ) मेताक्मे (i) सिटी बस स्टैंड तायोम रे टू आर फोर व्हीलर कंपोजिट पार्किंग रेयाक् बोलोन दुवार रे (क्षेत्रफल - 200 वर्ग फीट) आर (ii) बीएल नंबर 63 आर बीएल नंबर 61/1/2बी, लोको कॉलोनी ताला रे ऑटो आर टोटो स्टैंड मोड़ (क्षेत्रफल - 300 वर्ग फीट)। अनुबंध रेयाक् सोमोय दो पे बोछोर काना। **एए/3, एडीवीटी-एएसएन-डीजीआर-ओएच-192-26-1** (विज्ञापन-आउट ऑफहोम), दुर्गापुर रेलवे स्टेशन रेयाक् एंट्रांस बाजार नाखा उत्तरी हिंस रे 03 बोछोर सोमोय लागित् वाणिज्यिक प्रचार उदुग लागित् अनुबंध एमोक्। रेलवे बोर्ड होतेते ओडोकाकान विज्ञापन रेयाक् आउट ऑफहोम नीति लेकाते वाणिज्यिक विज्ञापन उदुग लागित् अनुबंध तारी रे 700 वर्ग फीट रेयाक् मोट क्षेत्रफल एमावाकोआ। **एए/4, एडीवीटी-एएसएन-एएसएन-ओएच-119-26-1** (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), आसनसोल स्टेशन रेयाक् नॉन-सर्कुलेटिंग एरिया रे होर्डिंग दाराय ते वाणिज्यिक प्रचार उदुग लागित् अनुबंध एमाको (कोट क्षेत्रफल - 850 वर्ग फीट) मेताक्मे (i) बीएल-1146 ठेन लोको ग्राउंड सामाङ रे योगी बाबा मोड़ खोन जोमोम नाखा (क्षेत्रफल - 400 वर्ग फीट) आर (ii) लोको ग्राउंड सामाङ नाखा योगी बाबा मोड़ खोन लेंगा नाखा (क्षेत्रफल - 450 वर्ग फीट)। अनुबंध रेयाक् सोमोय दो पे बोछोर काना। जोतो नामडाक बोलीदाताकोको चेतान रेयाक् अनूसची लेका रे नोआ ई-नीलामी लागित् पुराउ बानाडाय आर सेलेदोक् लागित् दो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** ञेल रेयाक् सोलहा एमावाको काना।

ASN-204/2026-27

**ठिका खोबोर दो वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबोसता आकान मेनाक्कोआ।**

नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# गोड्डा में 20.45 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा।** जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ गोड्डा पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोड्डा आकाश भारद्वाज के नेतृत्व में सोमवार को गोड्डा नगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकंडा चौक के समीप से करीब 20.45 ग्राम ब्राउन शुगर (हेरोइन) बरामद की। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार सभी आरोपितों का पूर्व में भी आपराधिक मामलों से संबंध रहा है। पुलिस के मुताबिक, मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में 10 अगस्त को गोड्डा नगर थाना पुलिस को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सरकंडा चौक के पास कार्रवाई की। पुलिस टीम को देखते ही कुछ संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने पीछा कर चार लोगों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास



से कुल करीब 20.45 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपितों में बिरेन्द्र कुमार (26), पिता दशरथ बघोत, निवासी कठौन, थाना गोड्डा मुफस्सिल; लखन कुमार झा (29), पिता दिवाकर झा, निवासी सरकंडा, गोड्डा मुफस्सिल थाना के पीछे; शिवकुमार शर्मा (32), पिता दीपनारायण शर्मा, निवासी गंगटा काली मंदिर तथा रबुल अंसारी (27), पिता नबीउद्दीन अंसारी, निवासी असनबनी, थाना गोड्डा नगर शामिल हैं। पुलिस ने बरामद ब्राउन शुगर को जब्त करते हुए मामले में गोड्डा नगर थाना में एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास के साथ-साथ मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों और नेटवर्क के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

**जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही पुलिस**

गोड्डा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले किसी भी तस्कर या गिरोह को बख्शा नहीं जाएगा। अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम लोगों से भी मादक पदार्थों की तस्करी या बिक्री से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना पुलिस को देने की अपील की है। नागरिक ऐसी सूचना निकटतम थाना अथवा गोड्डा पुलिस को गोपनीय रूप से दे सकते हैं। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इस छापेमारी दल का नेतृत्व एसडीपीओ गोड्डा आकाश भारद्वाज ने किया। टीम में पुलिस निरीक्षक दिनेश महली, पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक, गोड्डा नगर थाना प्रभारी सहायक पुलिस अवर निरीक्षक शिवदयाल सिंह, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक रोहित कुमार यादव, अंकित कुमार झा, भोलानाथ दास और बिपीन कुमार यादव सहित गोड्डा नगर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# जेल भरो आंदोलन में उमड़ा किसान-मजदूरों का भीड़




संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** अखिल भारतीय स्तर पर वामपंथी किसान-मजदूर संगठनों के संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को जामताड़ा में राष्ट्रव्यापी जेल भरो अभियान के तहत जोरदार प्रदर्शन किया गया। तालकटोरा स्टेडियम, दिल्ली में लिए गए निर्णय के तहत विभिन्न किसान, मजदूर एवं खेतिहर मजदूर संगठनों से जुड़े करीब 300 कार्यकर्ता सीपीआईएम कार्यालय परिसर में जुटे। यहां से दोपहर 12 बजे जुलूस निकाला गया, जो शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए अनुमंडल कार्यालय पहुंचा। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों को किसान-मजदूर विरोधी बताते हुए जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि किसानों से किए गए वादे पूरे नहीं किए गए, जबकि श्रमिकों के हितों को प्रभावित करने वाले लेबर कोड और ठेका प्रथा को बढ़ावा दिया जा रहा है। वक्ताओं ने मनरेगा, रोजगार, महंगाई, कृषि लागत और जल-जंगल-जमीन से जुड़े मुद्दे भी उठाए। नेताओं ने कहा कि जनहित के सवालों पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कॉरपोरेट हितों को प्राथमिकता दे रही है। कार्यक्रम में सुरजीत सिन्हा, लखनलाल मंडल, चंडीदास पुरी, मोहन मंडल, सचिन राणा, सुशांत राय, सोमालाल मिर्धा, साबिर हुसैन, मैनेसर सोरेन, सुकुमार बाउरी, देबु चौधरी, जयप्रकाश मंडल, मैना सिंह, इब्राहिम अंसारी, ममता राणा, लखी सोरेन, लखीराम मुर्मू, अशोक भंडारी, प्रवीण शरण, अशोक राणा और चंदन साधु सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 15 अगस्त की तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट



**जामताड़ा।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य और गरिमामय बनाने को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर तैयारियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी लंबित कार्यों को अगले दो दिनों में पूरा करने का निर्देश दिया।बैठक में गांधी मैदान की साफ-सफाई, रंग-रोगन, पंडाल, मंच, बैठने की व्यवस्था, साउंड सिस्टम, सुरक्षा, चिकित्सा, फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी और ड्रोन कैमरे सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। 15 अगस्त को गांधी मैदान में सुबह 9 बजे मुख्य ध्वजारोहण होगा। इसके बाद समाहरणालय में 10:10 बजे, एसपी कार्यालय में 10:15 बजे, जिला परिषद में 10:25 बजे तथा पुलिस लाइन में 11:30 बजे राष्ट्रध्वज फहराया जाएगा। समारोह में 15 प्लाटून परेड में शामिल होंगे। 13 अगस्त को उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में अंतिम परेड पूर्वाभ्यास होगा। उपायुक्त ने 15 अगस्त को जिले में ड्राई डे का सख्ती से पालन कराने तथा शराब की दुकानों के साथ मांस-मछली और कसाईखानों को बंद रखने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 15 अगस्त को गांधी मैदान में मैत्री क्रिकेट/फुटबॉल मैच भी आयोजित किया जाएगा।

## गोड्डा में उल्लास के साथ मना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जन्मदिवस समारोह




**गोड्डा।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन बायोडायवर्सिटी पार्क, गोड्डा में सोमवार की शाम जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति की ओर से पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 51वां जन्मदिन उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रो. प्रेमनंदन कुमार ने केक काटकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के छायाचित्र पर सांकेतिक रूप से केक खिलाया। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच केक और मिठाइयां वितरित की गईं। जन्मदिन समारोह को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रो. प्रेमनंदन कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झारखंड के चहुंमुखी विकास को गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसी तरह निरंतर झारखंड के विकास और जनहित के कार्यों में अपना योगदान देते रहें। प्रदेश की जनता और पार्टी के कार्यकर्ता उनके साथ हैं।

## हनवारा थाना के नए प्रभारी बने विकास कुमार



**महागामा संवाददाता ।** महागामा अनुमंडल क्षेत्र के हनवारा और महागामा थाना में सोमवार को नए थाना प्रभारियों ने पदभार ग्रहण किया। हनवारा थाना के नवपदस्थ थाना प्रभारी के रूप में वर्ष 2018 बैच के पुलिस अधिकारी विकास कुमार ने पदभार संभाला। इससे पूर्व वे बीरियाजोर थाना में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। वहीं, महागामा थाना प्रभारी के रूप में अभिनव आनंद ने भी पदभार ग्रहण कर कार्यभार संभाल लिया।पदभार ग्रहण करने के बाद हनवारा थाना प्रभारी विकास कुमार ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा। अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि हनवारा थाना क्षेत्र सीमावर्ती इलाका होने के कारण अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।विकास कुमार अपने शांत, सौम्य एवं सरल स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने आम लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

## 17 वर्षीय युवक का पुल के समीप मिला शव, मामला प्रेम प्रसंग का




**महागामा।** प्रखंड थाना क्षेत्र के गोड़िया गांव में प्रेम प्रसंग के चलते 17 वर्षीय युवक की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। सोमवार की सुबह रघुनाथकित्ता पुल के समीप युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पथरगामा थाना क्षेत्र के तरडीहा गांव निवासी स्वर्गीय राधे राय के पुत्र सूरज राय के रूप में हुई है। परिजनों ने प्रेम प्रसंग को हत्या की वजह बताते हुए मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया जाता है कि सोमवार अहले सुबह ग्रामीणों ने पुल के पास एक युवक का शव पड़ा देखा। इसकी सूचना मिलते ही महागामा पुलिस निरीक्षक उपेंद्र कुमार महतो पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव पर चोट के निशान मिले हैं। गले पर दाग के अलावा नाक से खून निकलने की बात भी सामने आई है। इन परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार सूरज टोटो चलाकर परिवार के भरण-पोषण में सहयोग करता था। मृतक की मां किरण देवी ने बताया कि सूरज अपने एक दोस्त के ससुराल गोड़िया गांव गया था। इसी दौरान गांव की एक शादीशुदा महिला से उसके प्रेम संबंध होने की बात सामने आई थी। परिजनों का आरोप है कि इसी प्रेम प्रसंग को लेकर सूरज की हत्या की गई और साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को गांव से करीब 500 मीटर दूर पुल के पास फेंक दिया गया।घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों से पूछताछ की और घटनास्थल से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी जुटाई। हालांकि हत्या के वास्तविक कारण और घटना में शामिल लोगों की भूमिका को लेकर पुलिस की जांच अभी जारी है।महागामा पुलिस निरीक्षक उपेंद्र कुमार महतो ने बताया कि एक युवक का शव बरामद किया गया है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 48 घंटे में खुद हटाएं कब्जा, वरना नगर पंचायत चलाएगी कार्रवाई का डंडा



**जामताड़ा।** सड़क किनारे अवैध कब्जा कर दुकान या अस्थायी ढांचा खड़ा करने वालों के खिलाफ नगर पंचायत जामताड़ा ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर पंचायत की ओर से आम सूचना जारी कर अतिक्रमणकारियों को 48 घंटे के भीतर सड़क की जमीन खाली करने का निर्देश दिया गया है। समय सीमा समाप्त होने के बाद संबंधित लोगों पर नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।नगर पंचायत के मुताबिक सड़क के किनारे दुकान, शेड, बांस-बल्ली, गुमटी, ठेला-खोमचा और अन्य सामान रखकर किए गए अतिक्रमण से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कई स्थानों पर सड़क संकरी होने के कारण जाम की स्थिति बनती है, वहीं राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा भी बढ़ जाता है।कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडेत ने संबंधित लोगों से अपील की है कि निर्धारित अवधि के अंदर अपने स्तर से सभी अस्थायी निर्माण और सड़क आवागमन क्षेत्र में रखे सामान हटा लें। नगर पंचायत का कहना है कि आम लोगों की सुविधा और सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

## विश्व जैव ईंधन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**साहिबगंज ।** साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज में सोमवार को विश्व जैव ईंधन दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम पारंपरिक जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में गैर जीवाश्म जैव ईंधन के उपयोग के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए था. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ रखना,कार्बन उत्सर्जन कम करना, और कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटे इसके लिए गैर जीवाश्म ईंधन का उपयोग आवश्यक है.कार्यक्रम में महाविद्यालय में भूगोल विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ मोहम्मद हसनैन, बीएड संकाय के शिक्षक डॉ मनोज कुमार, डॉक्टर सुनील कुमार, डॉक्टर सुनीता कुमारी, डॉ मोहम्मद असादुल्लाह कुमार प्रशांत भारती, प्रदीप कुमार, चंद्रशेखर प्रमाणिक, नितिन कुमार के साथ साथ कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

## सोमवारी पर देवलेश्वर धाम में उमड़ी आस्था

**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** नाला प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध शिवालय बाबा देवलेश्वर धाम में हिंदी सावन की दूसरी तथा बांग्ला श्रावण की चौथी सोमवारी पर सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही बाबा के दर्शन और जलाभिषेक के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु मंदिर पहुंचते रहे। कोई पैदल चलकर बाबा के दरबार में पहुंचा तो कई श्रद्धालु दांडी लगाते हुए अपनी आस्था और भक्ति का परिचय देते नजर आए।मंदिर परिसर में दिनभर हर-हर महादेव और बाबा भोलेनाथ के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने बाबा देवलेश्वर की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सावन के पावन महीने में श्रद्धालु सात्विक नियम-निष्ठा का पालन करते हुए भगवान शिव की आराधना में लीन रहे।भीड़ को लेकर पुलिस प्रशासन और मंदिर कमेटी ने संभाली व्यवस्थाश्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन और मंदिर कमेटी की ओर से सुरक्षा एवं व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए। श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से मंदिर में प्रवेश कराया गया, ताकि जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो। मंदिर कमेटी के सदस्य पूरे दिन व्यवस्था संभालते रहे ।जबकि पुलिस बल सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण को लेकर मुस्तैद रहा। कर्दमेश्वर और कालिंजर धाम में भी शिवभक्तों की भीड़ ।

## कबीर साहेब का एक दिवसीय सत्संग और भंडारा का आयोजन

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज ।** साहिबगंज मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर मिर्जाचौकी के नीमगाछी में संत सम्राट सतगुरु कबीर साहेब का एक दिवसीय सत्संग और भंडारा का आयोजन संत रामप्रवेश बाबा एवं उनके समस्त परिवार के द्वारा किया गया. वहीं आसपास के राज्यों से संत महात्मा स्त्रोत वक्त बैरागी साध्वी ने हिस्सा लिया. सत्संग के मुख्य वक्ता महंत राम प्रवेश बाबा ने लोगों को संबोधित करते हुए संघर्ष के बारे में श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा संघर्ष संसार से नहीं बल्कि स्वयं से होता है बाहर की परिस्थितियों तो केवल दर्पण मात्र है.

## जनशिकायतों के लंबित मामलों का एक सप्ताह में निष्पादन करें : डीसी

**गोड्डा।** जिला प्रशासन की ओर से जनता दरबार में प्राप्त जनशिकायतों के त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन को लेकर सोमवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित 218 लंबित मामलों की विभागवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों से लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए प्रत्येक मामले की गंभीरता और प्राथमिकता के आधार पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता दरबार में आम लोगों द्वारा अपनी समस्याओं और शिकायतों को लेकर आवेदन दिया जाता है। ऐसे मामलों में प्रशासन की जिम्मेदारी है कि संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता को समयबद्ध समाधान उपलब्ध कराया जाए। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाए और एक सप्ताह के भीतर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जिन मामलों में स्थल जांच, अभिलेखों के सत्यापन या अन्य विभागों से समन्वय की आवश्यकता है, वहां भी त्वरित कार्रवाई करने को कहा गया। उन्होंने विशेष रूप से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं पेंशन योजना से जुड़े मामलों पर स्वयं संज्ञान लेने का निर्देश दिया।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में एजे 11 ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया



**करमाटांड़ ।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह ग्राउंड में आयोजित हुसैन क्लब नावाडीह क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का फाइनल मुकाबला रविवार को एसएस 11 और एजे 11 के बीच खेला गया। रोमांच से भरपूर मुकाबले में एजे 11 की टीम ने अंतिम ओवर में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसएस 11 की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में आठ विकेट खोकर 98 रन बनाए। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी एजे 11 की टीम ने शुरुआत से ही जीत के लिए प्रयास जारी रखा। मुकाबला अंतिम ओवर तक बेहद रोमांचक बना रहा।एजे 11 को जीत के लिए अंतिम ओवर में 30 रन की आवश्यकता थी। क्रीज पर मौजूद सिराज अंसारी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए लगातार पांच छक्के जड़ दिए और अपनी टीम को रोमांचक जीत दिला दी। सिराज अंसारी के इस तूफानी प्रदर्शन से मैदान में मौजूद दर्शकों में उत्साह देखने को मिला। उनकी शानदार बल्लेबाजी की सभी ने जमकर सराहना की।फाइनल मुकाबले के बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग संख्या 5 के जिला परिषद उम्मीदवार प्रतिनिधि महेंद्र मंडल उपस्थित हुए। उन्होंने विजेता एजे 11 की टीम सहित उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर नावाडीह पंचायत के मुखिया गुल मोहम्मद, कैफ, शाकिर अंसारी, इब्राहिम अंसारी, पंचायत समिति सदस्य सहित दर्जनों ग्रामीण, क्रिकेट प्रेमी एवं हुसैन क्लब नावाडीह के सदस्य मौजूद थे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर आयोजकों एवं क्लब सदस्यों ने सभी खिलाड़ियों और ग्रामीणों के प्रति आभार जताया।

## ईद-ए-मिलाद पर प्रतियोगिता का होगा आयोजन




**गोड्डा ।** ईद-ए-मिलाद के अवसर पर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक फाउंडेशन द्वारा आयोजित होने वाली 29वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर सोमवार को अब्दुल कलाम आजाद के आवास पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व बैंक प्रबंधक विजय कुमार चौबे ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतियोगिता का आयोजन 23 अगस्त को स्थानीय कोर्ट परिसर के सभागार मे 10 बजे सुबह से होगा, और प्रतिभागी को 20 अगस्त तक सचिव अबुल कलाम आजाद के पास लिखवा देनी है। प्रत्येक वर्ष की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी गोड्डा जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों तथा मदरसों के छात्र-छात्राओं को जिला स्तरीय भाषण, स्तुति गीत एवं क्विज प्रतियोगिता में निःशुल्क भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। बैठक का संचालन कार्यक्रम के संयोजक अजीत कुमार सहाय ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन फाउंडेशन के अध्यक्ष तुफैल खान ने किया।बैठक में विजय कुमार चौबे, तुफैल खान, अजीत कुमार सहाय, जावेद अख्तर, अब्दुल सलाम, इबरार आलम, जयकांत राउत, मोहम्मद जब्बार आलम, चंद्र पंडित, दिनकर कुमार, रहमान, प्रीतम गाडिया, मोहम्मद इम्तियाज अहमद, मोहम्मद इस्लाम, अब्दुल कलाम आजाद, रानू कुमार वर्मा, हर्ष आजाद, विकास कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और आयोजन की तैयारियों को लेकर सक्रिय भागीदारी निभाई।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर गांधी मैदान पहुंचे डीसी-एसपी



**जामताड़ा।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जामताड़ा जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक शम्भू कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ गांधी मैदान का निरीक्षण कर समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर होने वाली विभिन्न व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान मंच निर्माण, मैदान की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, अतिथियों एवं आम लोगों के बैठने की व्यवस्था, परेड स्थल, सुरक्षा इंतजाम और आवागमन समेत अन्य तैयारियों की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाए। उन्होंने समारोह स्थल की स्वच्छता और सुंदरता पर विशेष ध्यान देने के साथ आगंतुकों की सुविधा के लिए बेहतर सीटिंग एवं आवागमन व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।वहीं, पुलिस अधीक्षक शम्भू कुमार सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग स्थल और यातायात प्रबंधन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान आईटीडीए के परियोजना निदेशक जुगनू मिंज, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पंकज कुमार रवि, एसडीपीओ जामताड़ा, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडेत, सार्जेंट मेजर समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** जिला परिवहन विभाग, जामताड़ा की ओर से सोमवार को नाला आमबगान में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा टीम ने दर्जनों वाहन एवं ट्रैक्टर चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम में विशेष रूप से ट्रैक्टर चालकों के बीच रात्रि में वाहनों की दृश्यता बढ़ाने के लिए सेफ्टी जैकेट, वाहनों में लगाने के लिए रेडियम तथा जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए। चालकों को हेलमेट पहनने और सड़क सुरक्षा से जुड़े अन्य नियमों का पालन करने की जानकारी दी गई।इस अवसर पर चीफ प्रोजेक्ट ऑफिसर विनय कुमार मल्लिक ने कहा कि वर्तमान समय में वाहन चलाना केवल दक्षता का विषय नहीं, बल्कि एक दायित्वपूर्ण आचरण है। उन्होंने चालकों को डिफेंसिव ड्राइविंग के महत्व, डिफेंसिव ड्राइविंग टिप्स और गुड सेमेरिटन नीति-2020 की जानकारी दी। साथ ही गुड सेमेरिटन नीति के तहत मिलने वाले लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया।कार्यक्रम में नेशनल सेफ्टी एंड स्किल डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन के चीफ प्रोजेक्ट ऑफिसर विनय कुमार मल्लिक, प्रोजेक्ट ऑफिसर विक्रम पत्रा, एचआर सामंत कुमार जना, नाला थाना के एसआई हेमकांत ठाकुर, एएसआई निताई दास सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सड़क सुरक्षा टीम के सदस्य मौजूद थे।

## कसवा मौजा के प्रधान बने प्रेमशंकर मिश्रा, मझगांय से राकेश रंजन



**मेहरमा।** प्रखंड अंचल क्षेत्र के कसवा पंचायत भवन में सोमवार को कसवा एवं मझगांय मौजा के प्रधान का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरण केसरी के नेतृत्व में आयोजित चुनाव प्रक्रिया में दोनों मौजा के रैयतों ने सर्वसम्मति से अपने-अपने प्रधान का चयन किया। दोनों पदों पर किसी अन्य प्रत्याशी के सामने नहीं आने के कारण चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। कसवा मौजा के रैयतों ने सर्वसम्मति से प्रेमशंकर मिश्रा के नाम पर सहमति जताई, जिसके बाद उन्हें निर्विरोध प्रधान निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं, मझगांय मौजा के प्रधान पद के लिए रैयतों ने राकेश रंजन के नाम पर भरोसा जताते हुए उन्हें भी निर्विरोध चुन लिया। दोनों के निर्वाचित होने की घोषणा के बाद मौजूद रैयतों एवं स्थानीय लोगों ने खुशी जताते हुए उनका स्वागत किया और बधाई दी। नवनिर्वाचित प्रधान प्रेमशंकर मिश्रा एवं राकेश रंजन ने रैयतों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मौजा के रैयतों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा तथा उनके समाधान के लिए हरसंभव पहल की जाएगी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान अंचलाधिकारी खगेन महतो, मेहरमा थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर, अंचल के कर्मचारी सहित दोनों मौजा के बड़ी संख्या में रैयत मौजूद रहे। चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने पर प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। वहीं, प्रधान निर्वाचित होने पर रैयतों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने प्रेमशंकर मिश्रा और राकेश रंजन को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

## सोशल मीडिया और विश्वसनीयता

मेटा के स्वामित्व वाले फेसबुक से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक वीडियो हटाए जाने की घटना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की विश्वसनीयता, तकनीकी सुरक्षा और कंटेंट मॉडरेशन को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। मेटा ने बाद में स्पष्ट किया कि वीडियो किसी जानबूझकर की गई कार्रवाई के कारण नहीं, बल्कि तकनीकी त्रुटि के चलते हट गया था। इसके बावजूद यह घटना कई गंभीर सवाल छोड़ गई है। सवाल यह है कि यदि देश के प्रधानमंत्री के आधिकारिक अकाउंट से जुड़ी सामग्री भी तकनीकी गड़बड़ी की शिकार हो सकती है, तो आम उपयोगकर्ताओं के अकाउंट और उनकी सामग्री कितनी सुरक्षित है?आज सोशल मीडिया केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गया है। करोड़ों लोग समाचार, सरकारी सूचनाओं, विचारों और घटनाओं की जानकारी के लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्भर हैं। देश-दुनिया में कहीं भी कोई महत्वपूर्ण घटना होती है तो उसकी जानकारी कुछ ही मिनटों में सोशल मीडिया के माध्यम से लाखों लोगों तक पहुंच जाती है। इसका सकारात्मक प्रभाव भी है और नकारात्मक प्रभाव भी। ऐसे माहौल में किसी महत्वपूर्ण वीडियो या पोस्ट का अचानक हट जाना, गलत तरीके से सीमित होना या उसके प्रसार में असामान्य बदलाव आना लोगों के बीच भ्रम पैदा कर सकता है। खासतौर पर जब सामग्री किसी संवेदनशील सामाजिक या राजनीतिक विषय से जुड़ी हो, तब पारदर्शिता और जवाबदेही और भी जरूरी हो जाती है।प्रधानमंत्री मोदी सोशल मीडिया पर दुनिया के सबसे सक्रिय नेताओं में शामिल हैं। उनके संदेश और वीडियो को देश-विदेश में करोड़ों लोग देखते हैं। जिस वीडियो के हटने को लेकर हाल में चर्चा हुई वह छात्रों और पेपर लीक जैसे संवेदनशील मुद्दे से संबंधित बताया गया। ऐसे में उसके अचानक गायब होने से सवाल उठना स्वाभाविक है। मेटा की तकनीकी त्रुटि की सफाई आने के बाद मामला स्पष्ट जरूर हुआ, लेकिन इसने डिजिटल प्लेटफॉर्म की विश्वसनीयता पर बहस को जरूर जन्म दे दिया। सोशल मीडिया की सबसे बड़ी चुनौती आज कंटेंट की बाढ़ है। हर दिन करोड़ों पोस्ट, वीडियो, तस्वीरें और संदेश अपलोड होते हैं।इनमें तथ्यात्मक जानकारी के साथ-साथ फर्जी खबरें, भ्रामक वीडियो, आपत्तिजनक सामग्री और उकसाने वाले संदेश भी शामिल होते हैं। कई बार कोई वीडियो बिना पूरी जानकारी या सत्यापन के तेजी से वायरल हो जाता है। लोग उसे सच मानकर आगे साझा करते रहते हैं और देखते ही देखते वह संदेश बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंच जाता है। ऐसे मामलों में सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हाल के कुछ प्रदर्शनों और सार्वजनिक घटनाओं से जुड़े वायरल वीडियो को लेकर भी यही सवाल उठे हैं कि आपत्तिजनक या भड़काऊ सामग्री तेजी से कैसे फैल जाती है, जबकि तथ्यात्मक और संतुलित सामग्री उतनी तेजी से लोगों तक क्यों नहीं पहुंचती। यदि किसी सामग्री में किसी व्यक्ति, समुदाय या देश के खिलाफ आपत्तिजनक अथवा उकसाने वाली भाषा है तो उसके संबंध में प्लेटफॉर्म की मॉडरेशन नीति कितनी प्रभावी है इसकी समीक्षा आवश्यक है।यहां यह भी समझना होगा कि किसी वीडियो का वायरल होना अपने आप में यह साबित नहीं करता कि प्लेटफॉर्म ने जानबूझकर उसे बढ़ावा दिया है। सोशल मीडिया की पहुंच पर एल्गोरिदम, यूजर इंटरैक्शन, शेयरिंग और ट्रेंडिंग जैसे कई कारक प्रभाव डालते हैं। इसलिए किसी भी प्लेटफॉर्म की भूमिका पर निष्कर्ष निकालने से पहले पारदर्शी जांच और ठोस आंकड़ों की जरूरत है। सोशल मीडिया से जुड़ी समस्या केवल कंटेंट तक सीमित नहीं है। फर्जी प्रोफाइल, अकाउंट हैकिंग, ऑनलाइन ठगी, पहचान की चोरी और फर्जी तस्वीरों के इस्तेमाल जैसी घटनाएं भी चिंता का विषय हैं।अपराधी कई बार किसी व्यक्ति के नाम और तस्वीर का इस्तेमाल कर फर्जी अकाउंट बनाते हैं और उसके परिचितों से पैसे मांगते हैं। कुछ मामलों में फोटो के साथ छेड़छाड़ कर किसी व्यक्ति को बदनाम करने का प्रयास किया जाता है। ऐसी घटनाएं पीड़ित की सामाजिक प्रतिष्ठा, मानसिक स्थिति और निजी जीवन पर गंभीर प्रभाव डाल सकती हैं।इसलिए सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी केवल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं हो सकती। उन्हें अकाउंट सुरक्षा, फर्जी प्रोफाइल की पहचान, रिपोर्टिंग सिस्टम और शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर भी लगातार काम करना होगा।

# झारखंड का छात्र आंदोलन, सोरेन के निशाने पर भाजपा?

**सनत जैन**

दिल्ली के छात्र आंदोलन में छात्रों के साथ केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों और दिल्ली पुलिस द्वारा काफी बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की गई थी। जिसमें सैकड़ो छात्र घायल हुए थे। दिल्ली के छात्र आंदोलन को सख्ती के साथ दबाने का प्रयास केन्द्र की भाजपा सरकार ने किया था। आंदोलनकारियों के ऊपर अश्रु गैस, पेलट गन से चली छर्रे वाली गोलियां, लाठी जार्ज इत्यादि का उपयोग किया गया था। जिसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया सारे देश में हुई। उसके बाद छात्र आंदोलन सड़कों पर आ गया। भारतीय जनता पार्टी ने छात्र आंदोलन में राजनीति नहीं हो, इसके लिए राजनीतिक दलों को निशाने पर लिया था। जंतर मंतर के छात्र आंदोलन में जिस तरह की राजनीति भाजपा कर रही थी, लगता है उसका जवाब झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शांति के साथ दिया है। जैसे ही झारखंड में छात्र आंदोलन शुरू हुआ। भाजपा इस आंदोलन में सक्रिय हुई। नेशनल इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जिसे गोदी मीडिया भी कहा जाता है, उसने झारखंड के छात्र आंदोलन को जिस तरह से कवरेज देना शुरू किया, इससे अंदाजा लग गया था। भाजपा झारखंड के पीछे छुपकर जेन-जी आंदोलन में घुसकर राजनीति करना चाह रही है। उसके निशाने पर हेमंत सोरेन की सरकार थी। इंडिया गठबंधन और हेमंत सोरेन ने भाजपा की इस पदचाप को पहचान लिया है। हेमंत सोरेन ने भाजपा को ही निशाने पर ले लिया, ऐसा अभी तक के हालात को देखते हुए कहा जा सकता है। झारखंड की राजधानी रांची में पिछले 17 दिनों से चल रहे छात्र आंदोलन में उन्होंने बातचीत शुरू की। छात्र नेताओं से बातचीत करके टुकड़े-टुकड़े में मांगे मानी। जांच के लिए तुरंत एक कमेटी बना दी। प्रदर्शनकारियों से बात करके उन्होंने आंदोलन को जारी रहने दिया। आंदोलन समाप्त कराने में हेमंत सोरेन सरकार ने कोई रुचि नहीं ली। सरकार से बातचीत करने के नाम पर छात्रों के प्रतिनिधिमंडल तीन गुटों में बाट दिया। जिसके कारण छात्रों का यह आंदोलन कमजोर और शांतिपूर्ण रहा। सरकार की सक्रियता के कारण यहां पर भाजपा को आंदोलन से दूर रखा। भाजपा को इस आंदोलन में सोरेन ने घुसने नहीं दिया। जिसके कारण भाजपा को अपने झंडे और डंडे के साथ अलग उपस्थिति दर्ज करानी पड़ी, यही हेमंत सोरेन चाहते थे। भाजपा छात्रों के इस आंदोलन में नहीं घुस पाए। सोरेन समर्थक छात्रों का एक गुट बन गया। दूसरा गुट इंडिया ब्लॉक के साथ में है। छात्र नेता नेहा बोरा छात्रों के आंदोलन में खुलकर भाग ले रही हैं। वह भाजपा और संघ को निशाना बना रही हैं।

छात्रों के इस आंदोलन में एक गुट देवेंद्र महतो का है, दूसरे गुट का नेतृत्व पीयूष कुमार कर रहे हैं। एक गुट का विधायक जयराम महतो नेतृत्व कर रहे हैं। वह अपनी पार्टी के इकलौते विधायक हैं। इन्होंने हाल में ही रिलायंस समूह के परिमल नाथवानी को राज्यसभा के लिए समर्थन दिया था। छात्र आंदोलन में वह किसके लिए काम कर रहे हैं, छात्र आंदोलन में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। कुल मिलाकर सरकार ने मंत्रियों की एक कमेटी बना दी जो आंदोलनकारी छात्रों से लगातार बात करती रही है। सरकार उनकी बात मान रही है, संवाद भी हो रहा है। एक ही मांग पर बात अटकी, वह सीबीआई जांच की मांग। हेमंत सोरेन आंदोलनकारी छात्रो को यह समझा रहे हैं। सीबीआई केंद्र सरकार का तोता है, वह भाजपा के इशारे पर काम करता है। सीबीआई जांच का कोई अता-पता नहीं होता है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता मेडिकल कॉलेज में जिस बच्ची की हत्या हुई थी, उसका मामला सीबीआई के पास है। पश्चिम बंगाल में क्या हुआ सब जानते हैं। कुल मिलाकर छात्र आंदोलन में हेमंत सोरेन की जो रणनीति थी, इसमें भाजपा को घेरा जाए। दिल्ली में भाजपाई कहते थे, उसके ठीक विपरीत झारखंड में आकर भाजपा नेता और संघ के पदाधिकारी आंदोलन को हवा दे रहे हैं। उनका यह दोहरा चरित्र सारे देश के जेन-जी और जेन- अल्फा तक जाए। दिल्ली के छात्र आंदोलन में केंद्र सरकार और भाजपा को जिम्मेदार ठहराया जाए। भाजपा छात्रों के साथ किस तरह की राजनीति करती हैं, दोहरा मापदंड अपनाती है। झारखंड के छात्र आंदोलन हेमंत सोरेन सरकार को दो फायदे हुए हैं, पहला उन्होंने भाजपा को छात्र आंदोलन में बेनकाब करते हुए निष्प्रभावी बना दिया। दूसरा, छात्रों को यह बता दिया है, केंद्र सरकार छात्रों के साथ किस तरह की राजनीति करती है। पिछले 12 वर्षों में शिक्षा और परीक्षाओं की बदहाली के लिए भारतीय जनता पार्टी जिम्मेदार है। हेमंत सोरेन ने जिस होशियारी के साथ आंदोलन का मुकाबला किया, वह सारे देश में चर्चा का विषय बन गया है। हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन की पहचान झारखंड में गुरू जी के नाम से है। उनका फोटो लेकर प्रदर्शनकारी छात्र आंदोलन में शामिल हुए हैं। हेमंत सोरेन ने छात्र आंदोलन का पटाक्षेप करने के पूर्व छात्रों को विधानसभा तक जाने का मौका भी दिया। इसी बीच झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव और झारखंड लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एल. खियांगते को सीआईडी द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर 14वीं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा आयोजित कराने के लिए ब्लैकलिस्टेड में डाली गई कंपनी को पैनल में शामिल करने सहित अन्य कई आरोप लगे हैं। इसी बीच प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने विधानसभा का सुरक्षाघेरा तोड़ दिया, जिसके बाद पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा है। बहरहाल शांति बनाए रखने की अपील के साथ बातचीत के रास्ते खुले रखकर हेमंत सरकार ने केंद्र सरकार को बेहतर जवाब देने का काम ही किया है।

ईएमएस / 10 अगस्त 26

# चुनौती गांधी को स्मृति से निकालकर सार्वजनिक नैतिकता में लौटाने की

**कुमार कृष्णन**

अंग प्रदेश की धरती पर महात्मा गांधी के प्रथम आगमन के सौ वर्ष पूरे होने का अवसर केवल अतीत को याद करने का अवसर नहीं था। 7 से 9 अगस्त 2026 तक भागलपुर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय समारोह ने गांधी की स्मृति को इतिहास, विचार, लोक-संस्कृति और वर्तमान सामाजिक जीवन से जोड़ने की कोशिश की। गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र, भागलपुर और महात्मा गांधी आगमन शताब्दी समारोह समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में गांधीवादी चिंतक, शिक्षाविद, शोधार्थी, विद्यार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता और शहर के नागरिक शामिल हुए। समारोह का सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही था कि सौ वर्ष बाद गांधी हमारे लिए केवल स्मारक और स्मृति हैं या आज भी सार्वजनिक जीवन को दिशा देने वाली नैतिक शक्ति? समारोह का शुभारंभ सर्वधर्म प्रार्थना, दीप प्रज्ज्वलन और चरखा चलाकर हुआ। गांधीजी तथा स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। इसी अवसर पर 'महात्मा गांधी का आगमन = अंग प्रदेश में' शीर्षक शताब्दी स्मारिका और गांधी ज्ञानकोश का लोकार्पण हुआ। गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र द्वारा प्रकाशित यह स्मारिका महज आयोजन की स्मृति-पुस्तिका नहीं, बल्कि गांधी और अंग प्रदेश के ऐतिहासिक, सामाजिक और वैचारिक संबंधों को समझने का एक विस्तृत दस्तावेज है। स्मारिका के संरक्षक प्रकाश चंद्र गुप्ता और प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार हैं। प्रधान संपादक डॉ. सुनील कुमार अग्रवाल और प्रसून लतांत, संपादक मंडल में डॉ. उमेश प्रसाद नीरज और डॉ. रविशंकर कुमार चौधरी तथा प्रबंध संपादक के रूप में डॉ. सुधीर मंडल और ई. सागर शर्मा ने इसकी तैयारी में भूमिका निभाई।

स्मारिका की खासियत विषयों की विविधता है। गांधी को केवल स्वतंत्रता आंदोलन के नेता के रूप में देखने के बजाय महिला सशक्तीकरण, खादी, ग्राम स्वराज, किसान, कृषि, ग्रामीण संकट, नशामुक्ति, सांप्रदायिक सद्भाव, शिक्षा, तकनीक और पर्यावरण जैसे प्रश्नों से जोड़ा गया है। पद्मश्री प्रो. रामजी सिंह का वैचारिक आलेख गांधी को दार्शनिक धरातल पर समझने का अवसर देता है, वहीं राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय एवं पुस्तकालय, नई दिल्ली के पूर्व निदेशक उत्तम सिन्हा गांधी की ऐतिहासिक विरासत और अंग प्रदेश से उनके संबंधों को व्यापक संदर्भ में सामने रखते हैं। मेरा आलेख 'बापू के व्रत पर आजीवन अडिग रहे शुभकरण बाबू' गांधीवाद को व्यक्ति के जीवन-संघर्ष और सार्वजनिक नैतिकता से जोड़ने का प्रयास है।

*गांधी मजबूरी नहीं, नैतिक शक्ति का नाम

समारोह के मुख्य वैचारिक सत्र में प्रख्यात चिंतक डॉ. पुरुषोत्तम अग्रवाल का व्याख्यान विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने गांधी को भारतीय इतिहास के ऐसे व्यक्तित्व के रूप में रेखांकित किया, जिन्होंने अहिंसा, सत्य और नैतिक साहस के बल पर भारतीय जनमानस को एकजुट किया।

उन्होंने कहा कि गांधी को कभी-कभी मजबूरी के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की जाती है, लेकिन इतिहास इसके विपरीत गवाही देता है। गांधी ने किसी प्रशासनिक शक्ति, सैन्य बल या राज्यसत्ता के सहारे लाखों लोगों को आंदोलित नहीं किया। उनकी शक्ति उनके विचारों, नैतिक विश्वसनीयता और जनांदोलन की क्षमता में थी। डॉ. अग्रवाल के अनुसार गांधी का सबसे बड़ा योगदान यही था कि उन्होंने आम भारतीय को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का सक्रिय सहभागी बनाया। स्वतंत्रता उनके लिए केवल नेताओं और राजनीतिक संगठनों का विषय नहीं थी। किसान, मजदूर, महिला, विद्यार्थी, कारीगर और सामान्य नागरिक–सभी स्वतंत्रता के सहभागी थे। यही गांधी की राजनीति की विशिष्टता थी। उन्होंने जनता को केवल भीड़ नहीं माना; उसे इतिहास का निर्माता बनाया। डॉ. अग्रवाल की बात समारोह के मूल प्रश्न को भी सामने लाती है। गांधी को समझने के लिए यह देखना होगा कि उन्होंने सत्ता पाने की राजनीति नहीं की, बल्कि समाज को अपनी शक्ति पहचानने की प्रेरणा दी।

'गांधी वास्तविक हीरो थे' डॉ. सुजाता चौधरी ने गांधी को 'वास्तविक हीरो' बताते हुए उनके व्यक्तित्व के उस पक्ष को रेखांकित किया, जो आज के सार्वजनिक जीवन में विशेष रूप से प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि गांधी सम्मान और अपमान दोनों परिस्थितियों में समभाव बनाए रखते थे। गांधी के लिए लोकप्रियता लक्ष्य नहीं थी। वे आलोचना से विचलित नहीं होते थे और प्रशंसा से भी मदांध नहीं होते थे। यही कारण है कि उनका व्यक्तित्व केवल राजनीतिक नेतृत्व तक सीमित नहीं रहा। वे सामाजिक, नैतिक और आध्यात्मिक चेतना के भी मार्गदर्शक बने। आज जब सार्वजनिक जीवन में असहमति को व्यक्तिगत विरोध और आलोचना को अपमान मान लेने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, गांधी का यह पक्ष विशेष अर्थ रखता है। सम्मान में विनम्र और अपमान में धैर्यवान बने रहना गांधी के चरित्र की बड़ी शक्ति थी।भागलपुर में गांधी की चार यात्राएँ

भागलपुर से गांधी का संबंध एक यात्रा तक सीमित नहीं था। वे चार बार इस क्षेत्र में आए–1917, 1920, 1925 और 1934। इन यात्राओं को एक साथ देखने पर गांधी के विचारों का क्रम भी समझ में आता है। 1917 की यात्रा में भाषा और छात्र चेतना का प्रश्न प्रमुख था। कटहलबाड़ी में बिहारी छात्रों के सम्मेलन में

## पाकुड़ की खबरें

## फसल बीमा योजना को लेकर लैम्प्स सचिव व कृषक मित्रों की बैठक

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर सोमवार को लिट्टीपाड़ा प्रखंड में लैम्प्स के सदस्य सचिव एवं कृषक मित्रों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुमित मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहे।बैठक में अधिकारियों ने खरीफ फसल के तहत धान एवं मक्का का फसल बीमा कराने के लिए किसानों को जागरूक करने तथा अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ने पर जोर दिया। अधिकारियों ने बताया कि प्राकृतिक आपदा या अन्य कारणों से फसल को होने वाले नुकसान की स्थिति में फसल बीमा किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।बताया गया कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत धान एवं मक्का फसल का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। अधिकारियों ने लैम्प्स के सदस्य सचिव एवं कृषक मित्रों से अपने-अपने क्षेत्रों में योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और किसानों को निर्धारित समय सीमा के भीतर फसल बीमा कराने के लिए प्रेरित करने की अपील की।बैठक में किसानों को समय पर बीमा कराने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। मौके पर बीटीएम रामेश्वर मुर्मू समेत विभिन्न लैम्प्स के सभी सदस्य सचिव एवं कृषक मित्र मौजूद थे।

## धनबाद में जुलाई में 501 कांडों का हुआ निष्पादन

धनबाद, 10 अगस्त (हि.स.)। अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर धनबाद पुलिस ने जुलाई माह में बेहतर प्रदर्शन किया है। जिला पुलिस मुख्यालय में सोमवार को एसएसपी प्रभात कुमार की अध्यक्षता में आयोजित मासिक अपराध समीक्षा बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था, अनुसंधान और पुलिस कार्रवाई की समीक्षा की गई।धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार जानकारी देते हुए बताया कि जुलाई में जिले में 445 नए कांड दर्ज हुए, जबकि पुलिस ने जुलाई में 501 मामलों का निष्पादन किया। इसके साथ ही लंबित कांडों की संख्या जून के 1796 से घटकर 1740 रह गई। एसएसपी ने अगले दो माह में लंबित मामलों की संख्या 1600 से नीचे लाने का लक्ष्य तय किया है।वारंट निष्पादन में भी पुलिस ने तेजी दिखाई। जुलाई में 1097 लंबित वारंटों का निष्पादन किया गया। अगस्त में लंबित वारंट और कुर्की मामलों के कम से कम 50 प्रतिशत निष्पादन का निर्देश थाना प्रभारियों को दिया गया है। अनुसंधान के दौरान 705 मामलों में चार्जशीट अथवा अंतिम प्रतिवेदन न्यायालय में दाखिल किया गया।बैठक में बताया गया कि जिले में बाइक चोरी की घटनाओं में कमी आई है। जुलाई में किसी बड़े संगठित अपराध की घटना सामने नहीं आई। एसएसपी ने संगठित अपराध के खिलाफ अभियान जारी रखने और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी तेज करने का निर्देश दिया।

## सीओ ने जबरदाहा हाट का किया निरीक्षण, अतिक्रमण हटाने का दिया निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

हिरणपुर (पाकुड़)। अंचलाधिकारी पवन कुमार ने सोमवार को जबरदाहा स्थित दैनिक हाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाट की विभिन्न गलियों, सब्जी बाजार और दुकानों का जायजा लेते हुए दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।सीओ ने हाट की एक नंबर गली का निरीक्षण करते हुए सड़क पर दुकान लगाए दुकानदारों को सड़क को अतिक्रमणमुक्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गली की सड़क की चौड़ाई 15 फीट है, इसलिए इसे पूरी तरह खाली रखा जाए, ताकि लोगों की आवाजाही में किसी प्रकार की परेशानी न हो।वहीं, दो नंबर गली के निरीक्षण के दौरान सड़क पर कीचड़ की स्थिति को देखते हुए इसके निर्माण की आवश्यकता बताई। इसके बाद उन्होंने सब्जी बाजार पहुंचकर दुकानों का सघन निरीक्षण किया तथा दुकानदारों से बंदोबस्ती से संबंधित जानकारी ली।



निरीक्षण के क्रम में सीओ ने हिरणपुर स्थित सार्वजनिक पुस्तकालय और अलगड़ा का भी जायजा लिया। वहीं, केशर-ए-हिन्द की जमीन पर बनी लकड़ी की दुकानों सहित अन्य दुकानों का निरीक्षण कर दुकानदारों से बंदोबस्ती के संबंध में जानकारी ली। मुख्य सड़क पर स्थित जिला परिषद की दुकानों का भी निरीक्षण किया।

सीओ पवन कुमार ने सभी दुकानदारों को नियमित रूप से लगान रसीद कटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नियमित लगान जमा होने से सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी।मामले को लेकर सीओ ने बताया कि दैनिक हाट की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण किया गया है। हाट की जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दैनिक हाट की वर्तमान स्थिति एवं राजस्व संग्रह की स्थिति को लेकर पूर्व में भी सर्वे कराया गया था।

## केकेएम कॉलेज में घटाई गई स्नातक सीटें पूर्ववत करने की मांग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। केकेएम कॉलेज पाकुड़ में स्नातक स्तर की सीटों में की गई कटौती पर पाकुड़ विधायक निसात आलम ने आपत्ति जताई है। उन्होंने राज्य सरकार से कॉलेज में पूर्ववत सीटें बहाल करने की मांग की है। इस संबंध में विधायक ने सोमवार को नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री से मुलाकात कर उन्हें पत्र सौंपा।विधायक ने पत्र में कहा है कि शैक्षणिक सत्र 2026-30 के लिए कॉलेज में सभी विषयों की सीटों में भारी कमी कर दी गई है। इससे क्षेत्र के गरीब एवं ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्र-छात्राओं के उच्च शिक्षा से वंचित होने की आशंका बढ़ गई है।



उन्होंने बताया कि पहले स्नातक स्तर पर करीब 4650 सीटें उपलब्ध थीं, जिन्हें घटाकर लगभग 1800 कर दिया गया है।उन्होंने कहा कि विभिन्न विषयों में नामांकन के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। ऐसे में सीटों की संख्या कम होने के कारण कई छात्र-छात्राओं को नामांकन से वंचित होना पड़ सकता है। विधायक ने कहा कि सीटों में यह कटौती क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है तथा उच्च शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले युवाओं की परेशानी बढ़ेगी।विधायक निसात आलम ने मंत्री से आग्रह किया कि केकेएम कॉलेज पाकुड़ में शैक्षणिक सत्र 2026-30 के नामांकन के लिए सभी विषयों में सीटों की संख्या बढ़ाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सके।

## तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक में भाजपा की बनी रणनीति



पाकुड़।आगामी स्वतंत्रता दिवस एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा नगर मंडल की बैठक सोमवार को संकट मोचन महावीर मंदिर परिसर में नगर मंडल अध्यक्ष सोहन मंडल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 13 अगस्त को प्रस्तावित तिरंगा यात्रा को सफल एवं भव्य बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।जिला महामंत्री रूपेश भगत ने कार्यकर्ताओं से हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। सर्वसम्मति से तय हुआ कि 13 अगस्त को सुबह 11 बजे सिद्धो-कान्हू मुर्मू पार्क से तिरंगा यात्रा शुरू होकर स्वामी विवेकानंद चौक तक जाएगी। यात्रा में पाकुड़ प्रखंड के विभिन्न मंडलों के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक हिसाबी राय, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानंद तिवारी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महेशपुर में मनाया गया मुख्यमंत्री का जन्मदिन



महेशपुर । झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल वदूद के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय महेशपुर में मुख्यमंत्री एवं झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन का जन्मदिन केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के चित्र पर केक खिलाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल वदूद ने कहा कि हेमंत सोरेन संवेदनशील एवं कुशल नेतृत्वकर्ता हैं। उनके नेतृत्व में झारखंड विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य की जनता के हित, सम्मान और अधिकारों के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।मौके पर छात्र मोर्चा जिला सचिव तौसीफ इकबाल, पप्पु अंसारी, हबीबुर रहमान उर्फ पोल्टु, मोताहार शेख, निरोज मड़ैया, डार्फी शेख, केताबुल शेख, इकबाल हुसैन, रेहान शेख, अब्दुल रज्जाक, साइमन मुर्मू, बाबुधन मरांडी, जीमल हेंब्रम, प्रतिशयाम मरांडी सहित बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एससी/एसटी कांड में फरार चल रहे आरोपी शत्रुघन सरकार गिरफ्तार

पाकुड़।पाकुड़ नगर थाना पुलिस ने एससी/एसटी अधिनियम से जुड़े मामले में फरार चल रहे प्राथमिकी अभियुक्त शत्रुघन सरकार, पिता दिलीप सरकार, थाना पाकुड़ नगर, जिला पाकुड़ को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पाकुड़ नगर थाना कांड संख्या 203/24 में प्राथमिकी अभियुक्त था और घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया।

## शिवालयों में बांटी निःशुल्क पूजन सामग्री




पाकुड़ । सावन के दूसरे सोमवार को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सत्य सनातन संस्था की ओर से विभिन्न शिवालयों में निःशुल्क सेवा शिविर लगाए गए। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच बेलपत्र, कच्चा दूध, गंगाजल एवं अन्य पूजन सामग्री वितरित की गई।

## झामुमो जिला कार्यालय में मना हेमंत सोरेन का जन्मदिन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता




पाकुड़। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिला कार्यालय में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन सादगी और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व झामुमो जिलाध्यक्ष एजाजुल इस्लाम ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता जिला कार्यालय में जुटे।जिलाध्यक्ष एजाजुल इस्लाम के नेतृत्व में केक काटकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को केक खिलाकर खुशी का इजहार किया और हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।वहीं, सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री समाज के सभी वर्गों, विशेषकर गरीबों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं और लोगों को इसका लाभ मिल रहा है।मौके पर जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, प्रखंड अध्यक्ष मुसलोद्दीन शेख, जिला उपाध्यक्ष पीटर मरांडी, बुद्धिजीवी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह, जिला सचिव माइकल मुर्मू, जुझारू कार्यकर्ता अब्दुल कादिर शेख समेत बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

## ए आई एम आई एम ने बैठक कर संगठन मजबूती और जनसमस्याओं की चर्चा

पाकुड़ । पूर्व विधायक सह संथाल परगना प्रभारी अकिल अख्तर के निर्देश पर ए आई एम आई एम पाकुड़ जिला अध्यक्ष मो. शमशाद आलम के नेतृत्व में शहरकोल पंचायत के बालियाडांगा गांव में कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष मो. शमशाद आलम ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य केवल चुनाव के समय जनता के बीच जाना नहीं, बल्कि हर परिस्थिति में आम लोगों के साथ खड़ा रहना और उनकी समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर जनसंपर्क बढ़ाने और संगठन को पंचायत एवं बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

अभियान के दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न स्थानीय समस्याओं से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने का भरोसा दिलाया।मौके पर मिथलेश कुमार ठाकुर, याफोस अली, एनी रोज मुर्मू, शालिनी बेनजियाम, रंजना देवी, अनवार हुसैन सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

पूर्व रेलवे

**सं. ओ/एसी/टी/144/26-27 (खुला), माहित 06.08.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओ़लाकान का़मीको ला़गित् ई-ठिका़को (खुला़) नेवतायेत् काना: **केस सं. ओ/एसी/टी/114/26-27, का़मी रेयाक् ञुतुम:** आसनसोल मंडल रे ठिका़दाराक् मोबाइल लैश बट वेल्डिंग प्लांट सालाक् साइट रे 60 केजी/52 केजी (90/72 यूटीएस, आर-260, (नया/एसएच/एसआर/एसडब्ल्यूआर/एलडब्यूआर) रेल रेयाक् लैश बट वेल्डिंग ला़गित् खुला़ ठिका़। **ठिका़ रेयाक् पूंजी:** रु. 1,01,34,733.77, **बायना पायसा:** रु. 2,02,700/-, **का़मी पुरा़उ रेयाक् सो़मो़य:** 12 चान्दो। **बो़दो़क् रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़य:** मा़हित 03.09.2026 हिलो़क् 12.00 बजे। पुरा़उ बानाडाय रेलवे रेयाक् वेबसाइट www.ireps.gov.in रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-208/2026-27

ठिका़ खो़बो़र दो़ वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबो़सता आकान मेनाक्आ।

नो़ंडे पांजालेपे: @Eastern Railway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**ठिका़ खो़बो़र सं.: ईएल-40-26, मा़हित 06.08.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते नामडाक ठिका़दारको जाहांय ठेन चा़लु विद्युत ठिका़दार रेयाक् लाइसेंस मेनाक्आ आर लातार रे ओ़लाकान का़मी पुरा़उ रे का़उडी ते दाड़े मेक्नाक्को, ठेन खो़न ई-ठिका़ नेवतायेत् काना: **का़मी रेयाक् ञुतुम आर नोआ रेयाक् जायगा:** आसनसोल मंडल: अण्डाल-बाराबनी, मधुपुर-गिरिडीह खंड रे 10000 खो़न जा़सती टीवीयू वाला एलसी गेटको रेयाक् इंटरलॉकिंग ला़गित् गेट बिल्डिंग, रिले हट रेयाक् प्रावधान। **ठिका़ रेयाक् पूंजी:** रु. 36,48,761.48, **बायना पायसा:** रु. 73,000/-, **ठिका़ कागो़च रेयाक् गो़नो़म:** शून्य। **का़मी पुरा़उ रेयाक् सो़मो़य:** 12 चान्दो। **बो़दो़क् आर झिजुक् रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़य:** मा़हित 28.08.2026 हिलो़क् 11.00 बजे। पुरा़उ बानाडाय दो़ रेलवे रेयाक् वेबसइट: www.ireps.gov.in रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-205/2026-27

ठिका़ खो़बो़र दो़ वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबो़सता आकान मेनाक्आ।

नो़ंडे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# झामुमो नगर कमेटी ने मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन समारोह



संताल एक्सप्रेस बरहरवा- झारखंड के मुख्यमंत्री एवं झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन का 51वां जन्मदिन सोमवार को बरहरवा में झामुमो नगर कमेटी की ओर से धूमधाम से मनाया गया. नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो के नेतृत्व में नगर स्थित शक्ति नाथ अमन के आवासीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की.कार्यक्रम में झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शक्ति नाथ अमन ने केक काटकर सर्वप्रथम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चित्र को खिलाया. इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए खुशी जाहिर की.इस अवसर पर झामुमो नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के गरीब, शोषित, वंचित, आदिवासी एवं मूलवासी समाज के हक-अधिकार के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं.

## बरहेट में मनाया गया हेमंत सोरेन का जन्मदिन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

बरहेट - झामुमो प्रखंड कार्यालय बरहेट में सोमवार को मुख्यमंत्री सह झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष एवं बरहेट विधायक हेमंत सोरेन का 51वां जन्मदिन पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ मनाया. कार्यक्रम का नेतृत्व केंद्रीय समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम ने किया.कार्यक्रम में केक काटकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन्मदिन की खुशियां मनाई गईं. सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम ने मुख्यमंत्री के चित्र के समक्ष केक काटा. जन्मदिन समारोह के बाद कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव का परिचय देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में मरीजों के बीच फल वितरित किए. इस दौरान डॉ. पंकज कर्मकार एवं डॉ. संतोष टुडू की मौजूदगी में करीब दर्जनों मरीजों को फल और अन्य सामग्री दी गई.इस अवसर पर जिला संगठन सचिव छवि हेंब्रम, जिप सदस्य जेठा मुर्मू, पुसा टुडू, सुनिराम हांसदा, लुखिराम हेंब्रम, आरिफ अंसारी, इस्लाम अंसारी, तोनोल किस्कू, बेला किस्कू, मोनिका सोरेन, खालिक आलम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## दूसरी सोमवारी पर पूजा-अर्चना करने शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़



साहिबगंज- सावन मास की दुसरी सोमवारी को लेकर साहिबगंज जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों को आकर्षक पुष्प व विधुत सज्जा से सजाया गया है.वही साहिबगंज व राजमहल के उत्तर वाहिनी गंगा में हजारो लोगों ने आस्था का डुबकी लगाई .गंगा स्नान करने के लिए जिला मुख्यालय के गंगा घाट पर अहले सुबह चार बजे से ही महिला, पुरुष व बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी थी.वहीं भक्तों ने नगर के विभिन्न शिव मंदिरों में जलार्पण कर पूजा अर्चना किया.नगर के चौक बाजार डाकीनाथ महादेव मंदिर, महाकालेश्वर शिव मंदिर, जीआरपी शिव मंदिर , पुलिस लाइन शिव मंदिर ,घास मार्केट शिव मंदिर,बम काली मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर,गंगा घाट शिव मंदिर, पुरानी साहिबगंज शिव मंदिर सहित सभी शिव मंदिरो में पूजा-अर्चना करने के लिए दिन भर महिला, पुरुष व बच्चों की भीड़ उमड़ी रही.

## राजमहल में झामुमो ने मनाया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन्मदिन के अवसर पर सोमवार को राजमहल निरीक्षण भवन में झामुमो कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित कर हेमंत सोरेन का जन्मदिन मनाया.कार्यक्रम का नेतृत्व विधायक प्रतिनिधि सह नगर पंचायत उपाध्यक्ष मोहम्मद मारूफ उर्फ गुड्डू ने किया.इस दौरान प्रखंड एवं नगर क्षेत्र के झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे.कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन मनाया और एक-दूसरे को केक खिलाकर खुशी का इजहार किया. मौके पर कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की. कार्यकर्ताओं ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार जनहित एवं विकास के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है.विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद मारूफ उर्फ गुड्डू ने मुख्यमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान प्रखंड सचिव दुर्गा मंडल नगर सचिव स्मित चौरसिया, विजय यादव अजय दास मोहम्मद मुनाजिर बासुदेव मंडल सहित मौजूद थे.

**पूर्व रेलवे**

**ई-ठिका खोबोर**

**ई-ठिका खोबोर सं.: एटीएम-वीआईपी-डीबीयू-21** **तारिक: 06.08.2026** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते अनुबंध एमावाक् लागित् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** होतेते आईआरईपीएस पोर्टल दारायते ई-ठिकाए नेवतायेत् काना। नोआ रेयाक् विवोरोन नोका लेका कानाः **कैटलॉग सं:** एटीएम-वीआईपी-डीबीयू-21, **ठिका एहोबोक् तारिक आर सोमोय:** तारिक 21.08.2026 हिलोक् 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं. आर विवोरोन** दो नोंका लेका कानाः **एए/1**, एटीएम-एएसएन-एएसएन-जीईएन-46-25-1 (एटीएम जनरल), अपलोड आकात् स्केच प्लान लेकाते वीआईपी रोड रे एटीएम बानाधाव आर चाचालाव। **एबी/1**, डीबीयू-एएसएन-सीएएम-जीईएन-59-26-1 (डीबीयू-डिजिटल बैंकिंग यूनिट), एमडीजेडटीआई भूली धनबाद रे क्षेत्रफल (15 फीट 3 15 फीट) रेयाक् डिजिटल बैंकिंग यूनिट रेयाक् बानाधाव आर चाचालाव। जोतो नामी बोलीदाताको सूची लेकाते ओना ई-ठिका रेयाक् फायलाव विवोरोन आर सेलेदोक् लागित् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे जेल लागित् सोलहावाको काना।

**ASN-202/2026-27**

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division,Deoghar**

**E-Procurement short Notice**

**Very- Very Short E-Tender reference no- 07/DWSD/DEO(SP)/2026-27 Dated 10.08.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Supply of Spare parts of deep well hand pump India Mark-II Conforming to I.S: 9301-1990 with latest amendment (may be read along with Ist amendment IS: 15500(Part 1-7) 2004 with latest amendment for spares of India Mark- II respectively) under D.W.& S. Division, Deoghar for the year 2026-27. |
| 2 | Estimated Cost (In lakh) | 11.80143 Lakh |
| 3 | B.O.Q Cost (In Rs.) | 2500.00 |
| 4 | Earnest Money (In Rs.) | 24000.00 |
| 5 | Time of Completion | 7 Day |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 11.08.2026/ 05.00 P.M. |
| 7 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 17.08.2026/ 05.00 P.M. |
| 8 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 17.08.2026/05.00 P.M. |
| 9 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 18.08.2026/ 05.00 P.M. |
| 10 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर। |
| 11 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नं0 | 6432-355005 |
| 12 | ई-प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2480345 |

Further details can be seen on website
http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Drinking water & Sanitation Division,Deoghar

PR 387140 (Drinking Water and Sanitation)26-27*D

# जेल भरो अभियान के तहत किसानों का धरना प्रदर्शन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



साहिबगंज - अखिल भारतीय किसान सभा एवं केंद्र ट्रेड यूनियन के आव्हान पर जेल भरो अभियान के तहत् सोमवार को रेलवे स्टेशन चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया.जिसकी अध्यक्षता कॉ असगर आलम ने किया. धरना के बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपा. इस दौरान धरना को संबोधित करते हुए मजदूर नेता श्याम सुंदर पोद्दार ने केंद्र सरकार को आड़े हाथ लिया. उन्होंने केंद्र सरकार के जन विरोधी नीतियों के चलते देश के देशी विदेशी कॉर्पोरेट घरानों का कब्जा लगातार बढ़ते जा रहा है. जिसका सीधा नुकसान स्थानीय उद्योगों किसान मजदूर युवाओं एवं देश के सभी मेहनतकश जनता को उठाना पड़ रहा है. वही कॉ इश्तियाक ने देश में दमनकारी कानून के जरिए विरोध तथा हड़ताल के अधिकारों को कुचला जा रहा है गरीबों दलितों और प्रवासी मजदूरों के मतदान तथा नागरिक अधिकारों के प्रयोग में लगातार बढ़े खरीद की जा रही है. संगठनों ने केन्द्र सरकार से सभी के लिए खाद्य सुरक्षा स्वास्थ्य शिक्षा और आवास की गारंटी करने, सम्मानजनक रोजगार न्यूनतम मजदूरी सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन, कृषि उत्पादों की वैधानिक न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत खरीद करने, किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ तथा समय पर पर्याप्त मात्रा में कालाबाजारी मुक्त खाद बीज की उपलब्धता,ऑनलाइन रसीद में एवं पंजी टु में शुद्धिकरण,कार्य दिवसों संख्या तथा मजदूरी वृद्धि सहित अधिकार आधारित गारंटी कृत ग्रामीण रोजगार और शहरी रोजगार गारंटी योजना करो,जंगली जानवरों प्राकृतिक आपदाओं एवं जलवायु परिवर्तन से प्रभावित किसानों को फसल बीमा उचित मुआवजा धान का पूरा बकाया भुगतान तथा सभी खेतों तक सिंचाई की व्यवस्था,पीढ़ियों से जंगलों में बसे गरीबों भूमिहीनों एवं ग्रामीण मजदूरों को वन पट्टा देने की गारंटी करो,स्कीम वर्कर्स अनुबंध और अस्थाई कर्मचारियों तथा नियमितीकरण तथा समान काम के लिए वेतन देने की गारंटी, खेत एवं ग्रामीण मजदूर के लिए न्यूनतम वेतन सामाजिक एवं कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करने,विस्थापितो को मुआवजा एवं पुनर्वास सुनिश्चित करने, सड़क निर्माण में जमीन देने वाले जमींदारों को अभिलंब मुआवजा राशि भुगतान किये जाने,साहिबगंज जिला में पुराने के केबाला धारी रैयतों का दाखिल खारिज मोटेशन करने की मांग की.मौके पर गंगाधर यादव, देवेंद्र राय, फरहत खानम, निशा गुप्ता ,कैफुल इस्लाम, रोहित कुमार, नौशाद आलम ,अली, परवेज आलम, अमरनाथ चौधरी, उर्मिला देवी, सुशीला देवी, कविता देवी, तारिया देवी, रेशमी देवी, भुलावन चौधरी, पंचू चौधरी, मोहम्मद दिलकश सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

## प्रबंधन समिति का पुर्नगठन, अफसरा खातून बनी अध्यक्ष



उधवा-झारखंड शिक्षा परियोजना रांची के निर्देशानुसार सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय चांद शहर में मुखिया मुस्तकीम शेख की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया.कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की सहभागिता रही. सर्वसम्मति से अफसरा खातून को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष तथा सेराज शेख को उपाध्यक्ष चुना गया. समिति के पुनर्गठन की प्रक्रिया प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक सह बीआरपी इंतखाब आलम की देखरेख में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई. इस दौरान समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के साथ-साथ अन्य सदस्यों का भी चयन किया गया. पर्यवेक्षक ने उपस्थित अभिभावकों को विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका एवं जिम्मेदारियों की जानकारी देते हुए कहा कि समिति विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्रों की नियमित उपस्थिति, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है.उन्होंने विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी बल दिया.

## नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज- स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर सोमवार को पूर्व रेलवे उच्च विद्यालय साहिबगंज में देशभक्ति गीत-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा एवं देशभक्ति की भावना का प्रदर्शन किया.इसके साथ ही 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान 2026 के तहत् पूर्व रेलवे उच्च विद्यालय द्वारा ब्रह्माकुमारीज के मेडिकल विंग के सहयोग से नशा मुक्ति जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की गई. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मादक पदार्थों एवं नशीले पदार्थों के सेवन के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ, जिम्मेदार एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था.जागरूकता सत्र के दौरान ब्रह्माकुमारीज के सदस्यों ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला.

## कोटालपोखर में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, करीब 20 दुकानों की हुई जांच



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को कोटालपोखर क्षेत्र में संघन निरीक्षण अभियान चलाया गया. यह कार्रवाई अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी साहिबगंज के निर्देशानुसार की गई.अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी नौरंग देव कुमार एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी आशीष कुमार वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से लगभग 20 दुकानों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया.निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, पैकेजिंग, लेबलिंग, निर्माण एवं उपयोग की अंतिम तिथि, भंडारण व्यवस्था तथा प्रतिष्ठानों में स्वच्छता की जांच की गई.दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए.खाद्य सुरक्षा पदाधिकारियों ने दुकानदारों को एक्सपायर्ड, बिना उचित लेबल वाले अथवा मानकों के विपरीत खाद्य पदार्थों की बिक्री नहीं करने तथा प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.अधिकारियों ने बताया कि खाद्य सुरक्षा को लेकर जिले में नियमित निरीक्षण एवं निगरानी अभियान आगे भी जारी रहेगा. खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

## साहिबगंज में गंगा से महिला का शव बरामद

साहिबगंज -साहिबगंज जिला मुख्यालय के गंगा नदी थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह बिजली घाट के समीप गंगा नदी से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया है.पुलिस ने महिला का शव बरामद करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया . गंगा नदी थाना पुलिस के अनुसार ओझा टोली की ओर से गंगा में एक महिला का शव बहता हुआ दिखाई दिया. स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया.मामले की सूचना मिलते ही गंगा नदी थाना के एएसआइ कार्तिक उरांव दल-बल के साथ मौके पर पहुंच कर महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया.महिला के शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. फरोग हसन ने किया. पुलिस के अनुसार मृत महिला की उम्र करीब 40 वर्ष बतायी जा रही है. शव के पास से पहचान से संबंधित कोई दस्तावेज या अन्य सामान बरामद नहीं हुआ है.पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए 72 घंटे तक सदर अस्पताल की मर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया.पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों से भी संपर्क कर महिला की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है.

**पूर्व रेलवे**

**ठिका खोबोर सं.: ईएल-43-26, तारिक 07.08.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (साधारोन), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते नामी ठिकादारको ओकोय ठेन दो वैध विद्युत ठेकेदाराक् लाइसेंस मेनाक्आ आर नोवाको कामी पुराउ रे वित्तीय रूप रेको दाड़ेयाक्आ, ओनको ठेन ई-ठिकाले नेवतायेत् कानाः **कामी जुतुम आर ठांवः** आसनसोल मंडलः आसनसोल मंडल रे जुदा-जुदा स्टेशनको रे सांगारियाकोवाक् सुबिता लाहांती लागित् वाटर कूलर/वाटर प्यूरिफायर रेयाक् प्रावधान सालाक् एटाक् आर विद्युत कामीको (फेज-1)। (विद्युत कामीको लागित्)। **ठिका गोनोङः रू.** 21,18,607.89, **बायना टाकाः** रू. 42,400/-, **ठिका कागोज रेयाक् गोनोङः** शून्य। **कामी मुचाद सोमोयः** 12 चान्दो। **बोंदोक् आर खुलाक् तारिक आर सोमोयः** तारिक 31.08.2026 हिलोक् 11.00 बजे। फायलावते विवोरोन दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** रेपे जेल दाड़ेयाक्आ।

**ASN-207/2026-27**

**ठिका खोबोर वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों मेनाक् आकादा।**

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## कांवरियों के बीच किया मेडिकल किट का वितरण

साहिबगंज - शहर के सब्जी मंडी काली पूजा महावीर समिति के सदस्यों ने रविवार देर रात्रि साहिबगंज से सुल्तानगंज व देवघर जाने वाले कांवरियों के जत्था के बीच मेडिकल किट का वितरण किया. समिति सदस्य आकाश ने बताया कि रसुलपुर दहला से निकले सैकड़ो कांवरिया के जत्था के बीच 50 मेडिसिन किट जिसमें में दर्द का महलम, काछ का महलम, दर्द ओर गैस का टेबलेट, पानी का बोतल वितरण किया. मौके पर पीयूष यादव, मनोज पासवान, आकाश, विकाश, सोनू, जीवन, शिवम, आशीष सहित अन्य थे.

## बरहेट में गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच



संताल एक्सप्रेस बरहेट- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट परिसर में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में प्रखंड क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण इलाकों से पहुंचीं बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की गई.शिविर में चिकित्सा प्रभारी डॉ. पंकज कर्मकार, डॉ. इफत अली एवं डॉ. अमित कुमार ने महिलाओं की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया. शिविर में पहुंची सभी महिलाओं का पंजीकरण करने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा निःशुल्क लैब जांच की गई.इस दौरान ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर और यूरिन समेत विभिन्न आवश्यक जांच की गई.जांच के बाद जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं के बीच आयरन, कैल्शियम एवं फॉलिक एसिड की दवाइयां निःशुल्क वितरित की गईं.

# शिवगादी धाम में दो लाख श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण, भगवामय रहा पूरा क्षेत्र



संताल एक्सप्रेस बरहेट-श्रावणी मेले के दौरान सोमवार को शिवगादी धाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा. शिवभक्तों की भारी भीड़ से पूरा क्षेत्र भगवामय नजर आया. मंदिर परिसर ढोल-नगाड़ों और बोल बम के जयघोष से गूंजता रहा. शिवगादी प्रबंधन समिति के अनुसार रविवार और सोमवार को करीब तीन लाख श्रद्धालुओं ने बाबा गजेश्वर नाथ महादेव को जलार्पण किया.श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और शिवगादी प्रबंधन समिति के पदाधिकारी लगातार मुस्तैद रहे. प्रखंड विकास पदाधिकारी बरहेट अंशु कुमार पांडेय, समिति के सचिव उत्पल दत्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने शिवगादी प्रबंधन समिति कार्यालय में लगे सीसीटीवी स्क्रीन के माध्यम से मंदिर के गर्भगृह से लेकर पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की.शिवगादी प्रबंधन समिति के पदाधिकारी और सदस्य श्रद्धालुओं को हरसंभव सुविधा उपलब्ध कराने में लगातार जुटे रहे. मंदिर तक श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कर जलाभिषेक कराने, भीड़ नियंत्रित करने, बिछड़े बच्चों और परिजनों को मिलाने, स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने तथा स्नान की व्यवस्था में समिति के सदस्य सक्रिय रहे.सुरक्षा और यातायात व्यवस्था रही दुरुस्तभारी भीड़ के बावजूद पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को संभाले रखा. पेटखसा चौक से वन-वे व्यवस्था लागू की गई.देर रात पेटखसा चौक से आगे जाने वाले वाहनों को गुमानी बराज के पास रोक दिया गया.

**कार्यालय,**
**समेकित जनजाति विकास अभिकरण, पाकुड़**

**अति-अल्पकालीन निविदा सूचना**

अनु0ज0जा0, अनु0जा0 अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के द्वारा पाकुड़ जिलान्तर्गत संचालित अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय हिरणपुर, आवासीय मध्य विद्यालय कुंजबोना एवं डुमरचीर, पहाड़िया दिवाकालीन प्राथमिक विद्यालय ,कंचना सुरजबेड़ा, बडामारगो, तेतुलकुड़िया, दासगोड़ा, सजनीपाड़ा, निपनियाँ, मुकरीपहाड़, बरमसिया, पाडेरकोला एवं एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कुमारभांजा, लिट्टीपाड़ा एवं राजबाड़ी, पाकुड़िया में अध्ययनरत् अनुसूचित जनजाति /आदिम जनजाति के छात्र –छात्राओं का विद्यालय/छात्रावास संचालन करने के लिए खाद्य–अखाद्य सामग्री (भोजनादि), पोशाक, पठन– पाठन सामग्री, खेलकुद सामग्री, तेल–साबुन–सोडा इत्यादि सामग्री आपूर्ति करने हेतु क्रय किया जाना है।

परियोजना निदेशक –सह– अध्यक्ष आई0टी0डी0ए0, पाकुड़ जिला क्रय समिति पाकुड़ की अध्यक्षता में दिनांक–19.08.2026 को अपराह्न–12.30 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मुहरबंद इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक–19.08.2026 को अपराह्न–03.00 बजे तक क्रय समिति के सदस्यों एवं उपस्थित निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा। निविदा की शर्ते एवं सामाग्रियों की सूची का विवरणी जिला के वेवसाईट www.pakur.nic.in एवं कार्यालय सूचना पट पर देखा जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पाकुड़।

PR.NO.387151 Welfare(26-27):D

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड, राँची**

**–:आम–सूचना:–**

**कार्यालय,भूमि संरक्षण सर्वेक्षण पदाधिकारी, देवघर**

**वित्तीय वर्ष 2026–27 में जलनिधि योजनान्तर्गत परकोलेशन टैंक एवं डीप बोरिंग निर्माण की योजना।**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के **स्वीकृत्यादेश सं0 44 दिनांक 05.08.2026** के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने, बहुफसलीय कृषि के विकास, मानसून पर कृषकों की निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु परकोलेशन टैंक एवं डीप बोरिंग निर्माण हेतु "जलनिधि" एक महत्वाकांक्षी योजना है। उक्त योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों को योजना से आच्छादित किया जाना है। इस योजना के कार्यान्वयन हेतु कृषक समूहों को **90 प्रतिशत तक अनुदान** की राशि उपलब्ध कराया जायेगा।

योजना का स्वरूपः–

**1. डीप बोरिंग की योजना**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राशि |
| योजना अंतर्गत 6 ईंच Diameter deep boring, submersible pump 1.5 HP, आवश्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। जिससे विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 5.00 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

**1. परकोलेशन टैंक की योजना**

| कार्य योजना | पात्रता | योजना लागत/अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राशि |
| Length of Percolation Tank 120 ft. width of Percolation Tank 100 ft. Depth of Percolation Tank 12 ft. Length of Bund-370ft, Side Slope-1:1 | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। जिससे विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10.00 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

**कृषक/संस्था का चयन**

1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमांत कृषक/महिला कृषकों/इच्छुक कृषक समूहों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
2. जिन कृषक/कृषक समूहों को पूर्व में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण के लिए मान्य नहीं होगी।
3. योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं ग्रामसभा द्वारा चयनित योजनाओं का ही चयन किया जायेगा साथ ही **माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।**

**आवेदन की प्राप्ति**

1. भूमि संरक्षण सर्वेक्षण पदाधिकारी, देवघर जिला–देवघर के लिए **भौतिक लक्ष्य परकोलेशन टैंक–105 एवं डीप बोरिंग निर्माण–78** के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त किया जाएगा।
2. भूमि संरक्षण सर्वेक्षण कार्यालय, देवघर से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता हैं।
3. आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेब साईट www.jharkhand.gov.in/agri. अथवा www.sameti.org पर भी उपलब्ध है।
4. **आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ प्रकाशन की तिथि से दिनांक 22.08.2026 तक, कार्यालय दिवस में भूमि संरक्षण सर्वेक्षण कार्यालय, देवघर में 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक जमा कर सकते है।**

- संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होनी चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति ग्राम प्रधान/मुखिया/पंचायत सचिव द्वारा अभिप्रमाणित।
- प्राप्त विहित प्रपत्र (आवेदन) में जमीन स्वामित्व प्रमाण–पत्र (एल0पी0सी0 अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत) आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- राजस्व ग्राम का नक्शा।
- आवेदन के साथ स्वअभिप्रमाणित आधार कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाईल नं0 अंकित होना आवश्यक है।
- संबंधित योजना स्थल का लाभुक के साथ GPS रंगीन फोटोग्राफ संलग्न होना आवश्यक है।

**उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारीयों के लिए निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है।**

कार्यालय का पता – भूमि संरक्षण सर्वेक्षण पदाधिकारी, देवघर
जिला संयुक्त कृषि भवन प्रखण्ड परिसर, देवघर
मोबाईल नं0 – 6200689373

भूमि संरक्षण सर्वेक्षण पदाधिकारी,
देवघर

PR 387120 Deoghar(26-27)#D

## भीबी - जी राम जी के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - विभागीय निर्देश के आलोक में सोमवार को भीबी- जी राम जी के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन को लेकर प्रखंडस्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अपर समाहर्ता सह निदेशक डीआरडीबी साहिबगंज विजय कुमार एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी अनिल कुमार के द्वारा किया गया. इस अवसर पर अधिकारियों ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक जानकारी का सही हस्तांतरण अत्यंत आवश्यक है. प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर अपने-अपने प्रखंडों में संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षित करते हुए योजना के उद्देश्यों एवं प्रावधानों को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे.प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीपीओ,एई,जेई, कंप्यूटर सहायक एवं लेखापाल सहित संबंधित कर्मियों ने प्रखंडस्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में भाग लिया.जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉ. सुधीर मुर्मू, परियोजना पदाधिकारी एमडी नेहाल आलम, जूनियर इंजीनियर एवं निरंजन कुमार गुप्ता, कंप्यूटर असिस्टेंट द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया. प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को भीबी - जी राम जी के विभिन्न प्रावधानों, कार्यप्रणाली, तकनीकी पहलुओं, अभिलेख संधारण एवं योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं. प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त जानकारी को संबंधित प्रखंडों में आगे साझा करते हुए योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की दिशा में कार्य किया जाएगा.

**साहेबगंज नगर परिषद् कार्यालय, साहेबगंज**

[संचिका संग्रह सं0– **IX/07/2026-27**/ले0/ले0/निविदा/प्रीकास्ट चेयर अधिष्ठापन संबंधी]

–: दर निर्धारण सूचना :– सं0–09/26–27
(कोटेशन)

पत्रांक–1632/न0प0साहेबगंज, दिनांक :– 08.08.2026

नगर परिशद् साहेबगंज क्षेत्रान्तर्गत राहगीरों को बैठने हेतु Precast RCC Chair with Painting की आपूर्ति एवं स्थापना कराये जाने हेतु इच्छुक एवं योग्य आपूर्तिकर्त्ता/फर्मों से मुहरबंद दर/कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। इस संदर्भ में इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/संवेदक कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, साहेबगंज को दिनांक–17.08.2026 को समय अप0 3:30 तक अपना कोटेशन (दर) समर्पित कर सकते है। निविदा उसी दिन समय 04:30 बजे में खोला जायेगा।

कार्य का विवरण :–

| क्रमांक | सामग्री का नाम | दर (प्रति नं0) Including all taxes | मद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | v |
| 1. | Precast RCC Chair – Bench made of M -20/125 grade Concrete Duly reinforced with steel bars manufactured in moulds under controlled condition with smooth and even finish including moulding cutting, finishing, curing and transportation, fixing & installation. Size – Length – 1500mm, Height- 750mm, base width- 400mm, back rest height- 350mm, back rest thickness - 50mm, seat height- 450mm, seat width- 450mm with painting. | | नागरिक सुविधा | मात्रा आवश्यकतानुसार। |

नोट :–1. निविदा शुल्क **1000**/–रू0(Non Refundable) एवं प्रफोमेन्स सुरक्षित जमा राशि– **5000**/–रू0 (यह राशि L1 होने तथा कार्य के उपरान्त विपत्र भुगतान के उपरान्त विमुक्त कर दिया जायेगा) साहिबगंज शहर के किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट **Technical** पेपर के साथ जमा करना अनिवार्य होगा तथा निविदादाता के स्वयं के नाम से ड्राफ्ट होना चाहिए जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिशद् साहिबगंज के पक्ष में निर्गत हो निविदा के साथ जमा करना होगा।
2. विस्तृत जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट **UDHD.JHARKHAND.GOV.IN** पर एवं नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी, साहेबगंज नगर परिषद्।

PR 387103 Urban Development and Housing(26-27)D

## पा़रसी आड़ाङ



– मरांग मराण्डी (बादो़ली)

पा़रसी गे आबोवाक् ओपरोम
पा़रसी गे आबोवाक् मा़न
पा़रसी रे गे आबोवाक् आड़ाङ
पा़रसी रे गे आबोवाक् मा़न-सम्मान।

जा़त पा़रसी संताल आड़ाङ
आलोम हिड़िञताम
सुगुत्-सुगुत् मा़नमी ताला
पा़रसी आड़ाङ आमेम ओपरोमताम।

धा़रती पुरी एमान पा़रसी आड़ाङ
हिन्दी, अंग्रेजी एमान संताली
जो़तो़ पा़रसी आड़ाङ रे मेनाक्
हो़रो़क् बान्दे आर आ़रीचा़ली।

हेसेच्-सेकरेच् मा़नमी पा़रसी
जुदा़-जुदा़ आड़ाङकान
पा़रसी आड़ाङ रो़ड़ ते गे
संथाल आमेम ओपरोमकान।

पा़रसी आड़ाङ पासनावमे
दुनिया़ ताला रे
हेसेच् सेकरेच् गाबानमे
पुथी साकाम रे।

नागाम काथाय लालायकान
पा़रसी आलोम हिड़िञ
हिन्दी, अंग्रेजी आड़ाङ रे हों
संताली पा़रसी आलोम हिड़िञ।

# रंजाबुरु खदान बोंद ओचोय ओ़कते हाइवा डायबो़रको दालाकात्किन रेयाक् दो़स



**खोबोरिया**

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम रेयाक् रांजाबुरु खादान रे टोठाकिया़ रोजगार आर माड़ाङ रेयाक् लिखित समझौता ला़गूय रेयाक् खो़ज इदि काते ओ़तेमाहां हिलोक् जा़रीयाकान आ़सीमदिन रेयाक् आंदोलन ताला रे झोगड़ा़ राकाप एना। खदान रे हाइवा डायबो़र र द्रि पासवानआर सिद्धांत जेना दो़ आंदोलनकारीको उपा़र रे दाल आकात्किन रेयाक् दो़सकिन लादे केदा। घा़ल आकान बानार डायबो़र दो़ रान ओचोकिन ला़गित् ते सेल गुवा अस्ताल रेको भुरती केत्किना। चाक्लावकिनाक् ला़ई लेकाते, खदान बोंद रेयाक् खो़बो़र तायो़म मां सरला कंपनी रेन सुपरवाइजराक् बातलाव रे उनकिन दो़ लौह अयस्क सागाड़ ला़गित् खादान तेकिन चालावाकान ताहेंकाना। उनकिन दो़ दो़सकिन लादेयाकादा जे उन ओ़कते आयो-बाबा आंदोलनकारी दो़ उनकिन ढेंगा ते दाल आर धिरी तेको साप् चापात्लेत्किना। डायबो़र दो़ नोआ हो़ंदो़सकिन लादे केदा जे एटाक्को डायबो़र हो़ं आंदोलनकारी ठेनखो़नको लागा ओचोवाकाना। नो़ते, आंदोलने आ़युरेत्कान गंगदा पंचायत रेन मुखिया राजू सांडिलदो़ डायबो़राक् लादे दो़स एड़े काथाय मेतावात् ता़किना। उनी दो़य मेनकेदा जे आंदोलनकारी दो़ एकेन हाईवा चालाव बोंद ओचोय ला़गित् खदानतेको चालावाकान ताहेंकाना। उनीयाक् ला़ई लेकाते डायबो़र दो़ गा़डी खो़न दो़न काते दा़ड़ ओ़कतेकिन बाजावाकाना।पुलिस दो़ घा़लाकान डायबो़राक् बयानको ओ़ल राकाप् केदा आरमामला रेयाक् जांचको एहो़प् केदा। पुलिस दो़ घो़टना जायगा खो़न बानाडाय हाताव ला़गित्को जुटा़वाकाना।

# गा़डीया़ रे बोयहा गिदरा़वाक् मा़ंड़ीको ञाम केदा, आच् हो़पो़नबाये मेन केदा गो़च आकात्किना़को



**खोबोरिया**

**पलामू।** जिला छतरपुर थाना टोठा रेयाक् बगैया पंचायत रेयाक् चौड़ाक आतो रे ओ़तेमाहां हिलोक् ञिन्दा़ सेच् आ़डी माराङ घो़टना होयेनते पुरा़ आतो रेन हो़ड़को दुक एना। पंचायत भवन सोर रे मेनाक्गा़डीया़ खो़न बारया निजा़ बोयहावाक् मा़ंड़ीको ञामकेदा। गो़च्एनकिन हो़ड़ाक् पाछनाव दो़ उमाशंकर राम रेन कोड़ा आयुष कुमार (12) आर पीयूष कुमार (10) ताकिन रूप रे होय आकाना। घो़टना रेयाक् खो़बो़रको ञामकेत् लेका रे छतरपुर थाना पुलिसदो़ ओन्डेको सेटेरेना। आतो हो़ड़ाक् गोड़ो़ ते बानार गिदरा़वाक्मा़ंड़ी दो़को ओडोक केदा। मित्धाव ते बानार का़टिच् गिदरा़वाक्मा़ंड़ीको ञामकेत् ते ओड़ाक् रेन हो़ड़ दो़को धाकमारावेना। ओड़ाक् रेन हो़ड़ दो़को राक् लांगावाकाना आर पुरा़ आतो रेन हो़ड़को दुक आकाना। गो़च्एनकिन हो़ड़ रेन आच् हो़पो़नबारामशंकर दोय ला़ई केदा जे घो़टना सो़मो़य ओड़ाक् रेन जो़तो़हो़ड़ हो़ड़ो़ रो़हो़यको चालावाकान ताहेंना। आयुप् बेला सेच्मोटामुटी 6 बजे तिन रे ओनको ओड़ाक्को रूवा़ड़ेना एन्डेखान बानार गिदरा़ ओन्डे बा़को ञामलेत्किना़। ओना तायो़म आतो हो़ड़ाक्गो़ड़ो़ ते गिदरा़ सेंदराको धुरा़वेना। मोटामुटी 3 घांटातायो़म सेंदारा बाड़ाकातेत् बानार बोयहावाक् मा़ंड़ी दो़ आतोरेयाक् गा़डी रेको ञाम केदा। रामशंकर दो़य ला़ई केदा जेगिदरा़किन गो़च्एन रे दिगधा़ हेच् आदेया जे उनकिन दो़को गो़च्आकात्किना़। उनियाक् मेमेन दो़ नोआ काना जे बानार गिदरा़वाक्मा़ंड़ी दो़ दाक् को़म ताहेंकान गा़डीया़ रेको ञाम केदा। नोडका रे उनकिन दो़ बा़किन उनुम गो़च् आकाना दिगधा़ गे बुझा़क् काना।रामशंकर दो़य ला़ई केदा जे घो़टना खो़न मुटामुटी 12 घांटा लाहा रे दाक् पाटाव बाबो़त रे आतो रेन मित् हो़ड़ सांवते झो़ड़ा होय लेन ताहेंना। दो़स मेनाक्आ जे झो़गड़ा ओ़कते उनी हो़ड़ दो़घारो़ंज रेन हो़ड़ आ़डी दुक बिपा़त रेको पाड़ाक्आ धामकावलेत्कोआ। नोआ लेका ते घारो़ंज रेन हो़ड़ दो़ दिगधा़ गेको बुझा़वेत् काना।

# विनीत तिवारी मर्डर कैस रे पे चान्दो खो़न दा़ड़ ताप् आकात् ताहेंन दुसी रोशन तिवारीय सारेंडर एना



**खोबोरिया**

**पलामू।** रेन नामडाक् विनीत तिवारी को गो़च् लेदे मामला रे मोटामुटम पे चान्दो खो़ने दा़ड़ ताप् आकात् दुसी रोशन तिवारी दो़ ओ़तेमाहां हिलोक् मेदिनीनगर बाजार थाना रेय सारेंडर एना। उनी दो़ ओड़ाक् रेन हो़ड़ सालाक् ते थाना तेय सेटेरेना आर पुलिस सामाङ रेयसारेंडर एना। उनीय सारेंडर एन रेयाक् वीडियो हो़ं सो़दो़रेना। पुलिसाक् ला़ई लेका ते 25 अप्रैल 2026 हिलोक् मेदिनीनगर बाजार थानाटोठा रेयाक् रेडमा रे विनीत तिवारी दो़ ओनकोवाक् ओड़ाक् सोर खो़नको अपहरण लेदेया। दुसी दो़ आयाक् कार ते आच् सांवतेय इदीलेदेया। दो़सार हिलोक् उनीयाक् मा़ंड़ी दो़ सदर थाना टोठा रेयाक्जोरकट टोठा खो़न बिना़ किचरिच् रेको ञाम केदा। पुलिसाक् ला़ई लेका ते दाल तापाम तायो़म हो़टो़क् लिमबा़त् कातेत् उनी दो़को गो़च् लेदेया। मामला रेन आसो़ल दुसी प्रदीप तिवारी बाहना ञुतुम महाकाल दो़उनी आच् बोयहा दिलीप तिवारी, प्रशांत तिवारी, रोशन तिवारी आर राकेश तिवारी बिरो़द रे एफआईआरको ओ़ल राकाप् आचो लेदा। घो़टना खो़न थोड़ा दिन तायो़म पुलिस दो़ प्रदीप तिवारी ला़टुयिच् आच् दादा दिलीप तिवारीको साप् केदेया आर जो़हो़ल तेको कोलकेदेया। नो़ते दुसारिच् दुसी प्रशांत तिवारी दो़ उत्तर प्रदेश रेयाक् झांसी खो़नको साप् केदेया। पुलिसाक् ला़ई लेका ते उनीदो़ बार चान्दो खो़न ओन्डे गेय ओ़कोवाकान ताहेंना।

# ता़पिस रे ताहेंकान बाइक डिवाइडर रे ठो़को़रेना, गो़च् एनाय मायजीउ, जुवा़न दो़ काजाके बाजावेना




**खोबोरिया**

**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर रेयाक् बिष्टुपुर थाना टोठा रेयाक् सीएच एरिया रे आर्मी कैंप सोर रे सिंगेमाहां हिलोक् ञिन्दा़ ता़पिस रेताहेंकान बाइक बाङ सामबड़ा़वलेन ते घो़टना होय एना। घो़टना रेबाइक रे देच् आकान ताहेंन 26 बो़छो़र रेन मायजीउ एंजेल गुड़ियायगो़च् एना आर से नो़ते उनी सो़ंगे तेय ताहेंकान जुवा़न केल्विनलकड़ा दो़ आ़डी काजाके घा़ल एना। गो़च्एन जुवा़न दो़ मूल रूप ते ओडिशा रेन ताहेनो़क्इच्ए ताहेंकाना आर जेमशेदपुर रेयाक् मानगो रे मेनाक् मित्टेन ब्यूटी पार्लर रेय का़मीकान ताहेंकाना। पुलिसाक् ला़ई लेकाते एंजेल गुड़िया आर बिरसानगर रेन गिरा़बासी केल्विन लकड़ा दो़ सिंगेमाहां हिलोक् ञिन्दा़ एक बजे बाइक ते ओडोडलेना। सीएच एरिया आर्मी कैंप ठेन ता़पिस रे ताहेंकान बाइक बाडसामबड़ा़वलेन ते सो़ड़ो़क आडे रे बेनावाकान डिवाइडर रेठो़को़रेना। नुना़क् मुरूक ठो़को़रेना जे बानार गे भिन्दा़ड़ कातेआ़डी काजाककिन बाजावेना।उन ओ़कते गे ओनका ते पारो़मो़क्कान ताहेंन पुलिस पेट्रौलिंगटीमाक् नो़जो़र ओना घो़टना रे पाड़ा़वेना। पुलिस कर्मी दो़ उसा़राते बानार घा़लाकान हो़ड़ रान ओचोकिन ला़गित् ते टाटा मेनहॉस्पिटल (टीएमएच) तेको इदि केत्किना। रारानको दो़ जांच तायो़म एंजेल गुड़ियाय गो़च्एन काथाको सारसादले केदा। आर से नो़ते,केल्विन लकड़ा़वाक् हालो़त दो़ आ़डी मुसकिलको ला़येत् काना आरउनीयाक् रान-मुरगा़न दो़ तो़ंगे गेया। पुलिस दो़ घो़टना रे बा़ड़िच् आकान बाइकको हाजो़त केदा। गो़च्एनमायजीउ ताको रेन ओड़ाक् हो़ड़ हो़ं घो़टना रेयाक् खो़बो़रको एमात्कोआ। पुलिस दो़ घो़टना रेयाक् ओ़जेको जांचेत् काना।

# दुनिया़ता़री आ़दिवा़सी माहाँः ताड़ामाक् गे हिला़वाक् खान आर रो़ड़ाक् गे रा़ड़ाक् खान एनेच् आर सेरेञ दो़

**साइमन हाँसदाक्**

आ़दिवा़सी दो़ दुनिया़ रे आयमा गे मेनाक्कोआ, मेनखान आयमा जुदा़-जुदा़ जो़गञुतुम तेको बिका़उ हिजुक् काना। नोको आदिवासीको ला़गित् गे तेहेञाक् दिन 9 अगस्त दो़ विश्व आदिवासी रूप रे बाडाय ञामो़क् काना। आदिवासीकोवाक् हो़क आ़यदा़री बांचाव, ओनकोवाक् संस्कृति, पा़रसी बांचाव आर नागाम मानो़त ला़गित्को मानावेत् काना। एनते दुनिया़ रे आदिवासीकोवाक् एनेच्-सेरेञ, रू-राहा, कला का़रीगोल, हो़रो़क्-बांन्देन, जो़म -ञू, ताहेंन-तापाहेन एमान दो़ एटाक् जा़तको खो़न जुदा़गेताकोआ, नोको ञेल काते गे आ़दिवा़सी मेनतेको मेन आकावात्कोआ। मेमेनको दो़ ओनकोगे ओ़को़य दो़ बाहरे खो़न हेच्काते नोको नोण्डेन आ़दिवासी ताला रेको हेच् डेरायेन रे। आदिवासी साबाद रेयाक् माने दो़ आ़द खो़न ताहेंहेच्काते बेरेल बासावाकानको गे, मेताक्मे आ़द खो़न बासावाकानको।आ़दिवासी गातांक् रे आयमा जो़गजा़तिको मेनाक्कोआ। आबो भारतदिसो़म रेयाक् संविधान रे आदिवासीको दो़ अनुसूचित जनजाति मेनतेको ओ़ल राकाप् आकात्कोआ। हें, भारत रेन आदिवासीको दो़ जुदा़-जुदा़ ञुतुम तेहों मेन आकावात्कोआ। नोआ झारखंड पो़नो़त रे दो़ संताल आदिवासी गे ढेर मेनाक्कोआ। झारखंड रेनबोन ञेललेको खान दो़ 32 गोटेच् जनजातिको रे खो़न 8 गोटेच् दो़आदिम जनजाति रेको हा़टिञेत्कोआ। झारखंड रेन जनजातिको दो़प्रोटो ऑस्ट्रोलॉयड प्रजाति रेन कानाको। हो़ड़ लेखा रेयाक् रिकॉर्ड 2011 लेकाते झारखंड रेन अनुसूचित जनजातिकोवाक् हो़ड़ लेखा 86,45,042 गोटेच् मेनाक्कोआ। नोण्डे जनजाती सांगे मेनाक् हो़ड़ लेखा रेबोन ञेल लेको खान 92.86 प्रतिशत दो़ आतोटोला रेको ताहेंन काना आर 7.14 प्रतिशत लेखा रेन दो़ सो़हो़र बाजार रेको ताहेंन काना। नोको सोहोर बाजार आर आतो टोला रेन आदिवासीकोतिना़क् दो़ आकोवाक् भासा तेको रो़ड़ेत् काना आर तिना़क् दो़को भासा मेसाल चालाक् काना। तो़बे झारखंड रेन जनजातिको दो़ भाषा आधार रे बार गुट रेको दो़हो़ आकात्कोआ। जनजातीय भासाकोदो़ आस्ट्रिक (मुण्डा भासा) आर द्रविड़ियन भासा घारो़ंज रेको हा़टिञ आकात्कोआ। जा़सतीकाय जनजातीय भाषाको दो़ आस्ट्रिक दो़ल रेयाक् काना। आदिवासी दो़ सिरजोन सांव जो़नो़ड़ावाकान जा़तकानाको। सिरजोन रेन हाहाड़ा आदिवासी दो़ ताड़ामाक् गेकोहिला़वाक् खान एनेच् आर रो़ड़ाक् गेको रा़ड़ाक् खान सेरेञ रूप रे बेनाव बो़दो़लो़क् कानताकोआ। एनते आसो़ल रा़सका़ आखड़ा़ रेदो़ एनेच् आर सेरेञ रेको नाचो़निया़-मा़ंदा़ड़िया़क् काना। संताल आदिवासी रा़ड़ ते सेरेञ रे माको सेरेञ आकात् गे जे 'आमदो़ आदिवासी संताल हो़पो़न दो़ मायाम रेताम रा़सका़, एनेच् सेरेञ गेताम माराङ धो़न दो़।' आदो़ तेहेञाक् दिन रे एकेन एनेच् आरसेरेञ रेगे मा़लुङ ताहेंन दो़ बाङ, बिचको़म नोआ विज्ञान जुग हिसा़बते एनेच्-सेरेञ, रू राहा, आ़रीचा़लीको सोंगेय तुलुच् आतोटोठा रेन आदिवासीको दो़ आर आर एटाक्को लेका ओ़ल पाड़हाव बुदआ़किल ते जो़तो़ टोठा रे गे आदिवासी ओपरोम सालाक् ते लाहाक् हों आ़डी जा़रूड़गेताकोआ।

# एसीसी सीमेंट फेकटा़री बो़ंदो़क् खो़न बांचाव ला़गित् सांतसालाक् विरोध दो़ मुचा़त् एना

**खोबोरिया**

**पश्चिमी सिंहभूम।** झींकपानी रे मेनाक् अदाणी एसीसी सीमेंट फैक्ट्री बो़ंदो़क् खो़न बांचाव ला़गित् एसीसी बचाओ जन संघर्ष समिति रेन संयोजक रमेश बालमुचूवाक् अनिश्चतकालीन सांतसालाक् विरोध दो़ सोमवारहिलोक् पासेच् तुरूई घंटा तायो़म अधिकारीको सालाक् गालमारावकाते मुचा़त् एना। मारेयाक् उपायुक्त कार्यालय सोर कोर्ट रोड रे सेताक् खो़न चालाक्कान भूख हड़ताल तिकिन रे प्रशासनिक अधिकारीकोदो़ जूस ञू ओचोकातेको चाबा ओचोकेत्कोआ। रमेश बालमुचू दो़ एसीसी सीमेंट फैक्ट्री बो़ंदो़य रेयाक् प्रस्ताव विरोध तुलुच्फैक्ट्री बांचाव आर नोआ सांव जोड़ा़व का़मिया़को आर टोठारिया़ हो़ड़ाक् बांचाव ला़गित् अनिश्चतकालीन भूख हड़तालको एहो़प् लेदा।ओनकोवाक् सांतसालाक् विरोधको बाडायकेत् तायो़म प्रशासन आर पुलिस अधिकारीको ताक रेको सेटेरेना आर ओनको सावंतेको गालमारावकेदा। सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, अनुमंडल पुलिसपदाधिकारी बहामन टूटी आर सदर अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार दो़रमेश बालमुचू ठेन उनीयाक् खो़ज आर आंदोलन सांव जोड़ा़व मुद्दाकोकुलीयाना। अधिकारीको सांवते गालमाराव तायो़म आंदोलन मुचा़दको हेंकेदा। आसावान काथा ञामेन तायो़म अधिकारीको दो़ रमेश बालमुचू जूस ञू ओचोकाते भूख हड़तालको मुचा़त् ओचोकेदेया। पासेच् तुरूई घंटाधा़बिच् चालावेन आंदोलन मुचा़द तायो़म समिति रेन रा़सिया़को मेन केदा जे फैक्ट्री बो़ंदो़क् खो़न बांचाव आर नोआ सांव जोड़ा़वका़मिया़को आर टोठारिया़ हो़ड़ाक् रोजगार आर भा़ला़ई ला़गित् ओनकोवाक् कुरूमुटू लाहा सेच् हों जारी ताहेंना। समितियाक् मेनकाना जे एसीसी सीमेंट फैक्ट्री क्षेत्र रे आयमा दिन खो़न रोजगार आरका़उडी जोगाड़को रेयाक् जा़रूड़ान केंद्र ताहेंयाकाना। नोडका रे फैक्ट्री बो़ंदो़क् हालो़त रे का़मिया़को सांव सांवते आडेपासे रेनटोठारिया़ हो़ड़को रे हों नोआ रेयाक् असर पाड़ाव दाड़ेयाक्आ। समिति दो़ प्रशासन ठेन नोआ मुद्दा रे उसा़राते केटेच् ते पोंथायको खो़ज आकादा।



# एसआईआर-2026 बाबो़त मसलिया रे ओरामेना दुपुड़ुप् 15 अगस्त हिलोक् ग्राम सभा होयोक्आ



**खोबोरिया**

**मसलिया।** एसआईआर-2026 रेयाक् प्रारूप मतदाता सूची छापायेन तायो़म दाराय निर्वाचन का़मीको ला़गित् सोमवार हिलोक् मसलिया प्रखंड कार्यालयरे प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारीअजफर हसनैनाक् आ़युर रे दुपुड़ुप् ओराम एना। दुपुड़ुप् रे जो़तो़ बीएलओ सुपरवाइजर आर प्रखंड का़मिया़को निट का़मीहो़राकोलेकाते का़मी पुक्रा़उको बातलावात्कोआ। दुपुड़ुप् रेको ला़यात्कोआ जे 5 अगस्त हिलोक् प्रारूप मतदाता सूची छापा चुका़उ आकाना। इना़ तायो़म 15 अगस्त हिलोक् ग्राम सभा ओराम काते मतदाता सूचीरेयाक् प्रारूप प्रकाशन आर निर्वाचन प्रक्रिया बाबो़त हो़ड़को जागवारकोआ। नो़ते दा़बी आर आपो़तीय ला़गित् 22 आर 23 अगस्त हिलोक् मतदान केंद्र ता़री रे दोसार खास कैंप लागावो़क्आ।बातलावात्कोवाको जे 25 अगस्त खो़न 4 सितंबर धा़बिच् ओड़ाक् ओड़ाक् मतदाता सूची रेयाक् सत्यापन होयोक्आ। नोआ ओ़कते गोटाक्आ जेमिमित् लेकमान भारतीय हो़ड़ दो़ प्रपत्र-6 जोमा आकादा से ओनकोवाक्ञुतुम प्रारूप मतदाता सूची रे राकाप् आकाना। ताहेंन क्षेत्र खो़न जुदा़ मतदान केंद्र रे ञुतुम राकाब हालो़त रे जो़नो़ड़ाव मतदाता ठेनप्रपत्र-8 होतेते ञुतुम उचा़ड़ रेयाक् आरदास आताडो़क्आ। दुपुड़ुप् रे एटाक् पो़नो़तको रे एसआईआर प्रक्रिया पुरा़उ तायो़म झारखंडरे ताहेंनकान लेकमान हो़ड़कोवाक् ञुतुम निया़मलेकाते मतदाता सूचीरे सेलेत् ओचोय ला़गित् जा़रूड़तेयाक् प्रपत्र-8 आर घोषण पत्र ञामरेयाक् हो़ंको बातलावात्कोआ। 4 दिसंतबर धा़बिच् जो़तो़ ओड़ाक् रे घारो़ंज मित् ते स्टिकर लागावको मेतात्कोआ। नोआ छाडा 1अक्टूबर 2026 हिलोक् 18 बो़छो़र उमा़र पुक्रा़उको जुवा़नको मतदाता सूची रे ञुतुम राकाप् ओचोय ला़गित् मॉल,

# संयुक्त राष्ट्र रे भारताक् मो़हो़तनाक् का़मी, जेनेवाको सेटेरेना मो़ड़े गो़टेच् माराक्, यूएन दो़य बेनाव केदा 'फोटो ऑफद वीक'



**खोबोरिया**

**जेनेवा।** भारत सेच् खो़न संयुक्त राष्ट्र कार्यालय, जेनेवाये एमावादे मो़ड़े गो़टेच् भारतीय माराक् दो़ सिंगेमाहां हिलोक् एरियाना पार्ककोसेटेरेना। संयुक्त राष्ट्र दो़ माराक्को सेटेरेन चिता़र पोस्टतुलुच् नोआ दो़ 'फोटो ऑफ द वीके' मेतावादा। संयुक्त राष्ट्र जेनेवा कार्यालय दो़ सोशल मीडिया मंच 'एक्स' रे चिता़र पोस्ट तुलुच्ए मेनकेदा जे भारत रेन मो़ड़े गो़टेच् माराक् दो़ एरियाना पार्ककोसेटेरेना। नोको चेंड़े दो़ भारतीय राष्ट्रीय सांव जुड़ाव मेनाक्कोमित्टेन मो़ज प्रतीकात्मक गिफ्ट काना आर संयुक्त राष्ट्र छाटका रेसेदाय खो़नको मानाव आ़गुवाकात् माराक् आ़लीचा़लीरको बाड़हावेत् काना।भारत दो़ मो़ड़े गो़टेच् माराक्ए एमावादेया यूएन 7 अगस्त हिलोक् संयुक्त राष्ट्र रे भारत रेन परमानेन्ट प्रतिनिधिअरिंदम बागची दो़ मित्टे मो़हो़तानाक् सेमेलेत् रे मो़ड़े गो़टेच्माराक् संयुक्त राष्ट्र कार्यालय, जेनेवा रेन महानिदेशक तात्यानावलोवायाये जिमा़वादे ताहेंना। नोको रे पोनया दो़ नील आर मित्टेनदो़ पोन्ड रो़ङ माराक्को ताहेंकाना। वलोवाया दो़ भारत सरकाराक्नोआ का़मीये सारहावकेत् ताया। उनी दो़य मेन केदा जे माराक्ला़गित् ते नियाहा़ली मित्टेन ओड़ाक्को बेनाव आकात्कोआ।

# टाटानगर स्टेशन रे ट्रेन छत रेय देच्एना कोड़ा हाईटेंशन तार चापो़ट रेय झारकावेना

**खोबोरिया**

**पूर्वी सिंहभूम।** टाटानगर रेलवे स्टेशन रे सोमवार हिलोक् ओना सो़मो़य चांव माराव एना, तिनरे पासेच् 30 बो़छो़र उमा़र रेन कोड़ा सा़गु राम तेंगो टाटा-दानापुर ट्रेन छत रेय देच् एना। कोड़ा दो़ट्रेन छत रे देजो़क् ञेलकाते सांगारिया़को आर रेलका़मिया़कोदो़ लातार फेडो़क्को सामझाव बुझा़वायको कुरूमुटू केदा, मेनखान उनी दो़ ओनकोवाक् काथा बाय मो़नेयात् ते छत रे गेय ताहेंयेना।हो़रतेन हो़ड़को लेकाते, कोड़ा दो़ हो़ड़कोय मेतात्कोआ जे ट्रेन छत रे देच्काते चो़ट चो़ट तेय चालाक्आ। इना़ तायो़म आ़डी घा़ड़िच् ट्रेन छत रे देच् ताहेंयेना। नोआ ओ़कते उनी कोड़ा दो़ ट्रेन छत रे पारो़मो़क् ताक रे हाईटेंशन बिजली तार रेय चापो़ट एना। कारेंटेन तेय कोड़ा दो़य झारकाव एना आर ट्रेन खो़ने ञुरहा़ एना। सांगारिया़को आर रेलका़मिया़को दो़ उनी कोड़ाको राकाप्केदेया आर राने ला़गित् हासपाताल तेको इदी केदेया। हासपाताल रेको राने काना। डॉक्टर लेकाते उनीयाक् हालो़त थिर गेको ला़येत् काना। घो़टो़ना बाडायेन तायो़म रेलवे प्रशासन आर सुरक्षा का़मिया़को ताक रे सेटेरकाते हालो़तको बाडायाना। घो़टो़नाखा़तिर टाटानगर स्टेशन झाटका रे मित् घा़ड़ी टेंसो़न आर चांवमारावेन माहौल बेनावेना। रेलवे अधिकारीको दो़ घो़टो़नाबाबो़त रे जानकारी जुटा़उ आकादा।



**पूर्व मध्य रेलवे ता़री रे नॉन इंटरलॉकिंग का़मीको ला़गित् ट्रेनको चालाव-बानाव बेबो़सता**

पूर्व मध्य रेलवे रेयाक् धनबाद मंडल रेयाक् कोडरमा - नेजाती सुभाष चंद्र बोस गोमो - धनबाद खंड रे निमियाघाट, भोलीडीह, नेताजी सुभाष चंद्रबोस गोमो, मतारी, नीचीतपुर आर तेतुलमारी स्टेशनको ताला रे ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग (एबीएस) रेयाक् का़मी ला़गित्, **मा़हित 11.08.2026 (बालेमाहां)** हिलोक् खो़नप्री-नॉन-इंटरलॉकिंग/नॉन-इंटरलॉकिंग का़मी फान्डाव होयोक्आ। ओनाते, लातार रे ओ़लाकान ट्रेनको दो़ नोडका लेका चालाव-बानावो़क्आः

- **डाहार बो़दो़लः 13503/13504** बर्द्धमान - हटिया - बर्द्धमान एमईएमयू एक्सप्रेस (सांगार एहो़ब ता़रीक 11.08.2026) हिलोक् बानार दिग रे आसनसोल - धनबाद - नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो - चंद्रपुरा - राजाबेरा बो़दो़ल ते आसनसोल - धनबाद - चंद्रपुरा - राजाबेरा सेच् ते डाहार बो़लो़क्आ।
- **गोटाआरोः (1) 13545** आसनसोल - गया एमईएमयू एक्सप्रेस (सांगार एहो़ब ता़रीक 11.08.2026) हिलोक् आसनसोल खो़न 1 घंटा 30 मिनट ला़गित् गोटाआरोक्आ। **(2) 12357** कोलकाता - अमृतसर दुर्गियाना एक्सप्रेस (सांगार एहो़ब ता़रीक 11.08.2026) हिलोक् कोलकाता खो़न 1 घंटा 30 मिनट ला़गित् गोटाआरोक्आ। **(3) 13554** वाराणसी - आसनसोल एमईएमयू एक्सप्रेस (संगार एहो़ब ता़रीक 11.08.2026) हिलोक् वाराणसी खो़न 1 घंटा ला़गित् गोटाआरोक्आ। **(4) 13320** रांची - दुमका इंटरसिटी एक्सप्रेस (सांगार एहो़ब ता़रीक 11.08.2026) हिलोक् रांची खो़न 1 घंटा 30 मिनट ला़गित् गोटाआरोक्आ। सांगाड़िया़को ठेन नेहो़र मेनाक्आ जे ओनको दो़ स्टेशन रेयाक् जनसंबोधन प्रणालीको मानाव-बातावमा। ओसुबिता ला़गित् दुक मेनाक्आ।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

नो़ंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विश्व आदिवासी दिवस : 17 सेकंड में नेपाल के खिलाड़ी को किया नॉकआउट

## गोड्डा के देवगन मरांडी की संघर्ष से शिखर तक की कहानी

संजीव

**गोड्डा ।** सिर्फ 17 सेकंड.....और गोड्डा जिला के एक छोटे से गांव के बेटे ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। जी हां हम बात कर रहे हैं जिला के ललमटिया नीमा कला गांव के रहने वाले देवगन मरांडी की।

जिले के ललमटिया क्षेत्र के नीमकल गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मिक्स्ड मार्शल आर्ट (MMA) की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाले देवगन मरांडी आज युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। सीमित संसाधनों, आर्थिक चुनौतियों और असफलताओं से लड़ते हुए उन्होंने यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और हौसले बुलंद हों, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।



---------------------------

**प्रश्न : सबसे पहले अपने बचपन और शिक्षा के बारे में बताइए।**

**देवगन :** मेरा जन्म गोड्डा जिले के ललमटिया स्थित नीमाकला गांव में हुआ। मेरी प्राथमिक शिक्षा गोड्डा के बेथेल मिशन स्कूल से हुई, जहां से मैंने दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद मैंने भागलपुर में इंटरमीडिएट की पढ़ाई शुरू की। मेरा सपना भारतीय सेना में अधिकारी बनने का था, इसलिए एनडीए की तैयारी के लिए दिल्ली चला गया। मैंने पूरी मेहनत की, लेकिन रक्षा सेवाओं में मेरा चयन नहीं हो सका। वह समय मेरे जीवन का सबसे कठिन दौर था।

---------------------------

**प्रश्न : एनडीए में चयन नहीं होने के बाद आपने मिक्स्ड मार्शल आर्ट को ही क्यों चुना?**

**देवगन :** बचपन से ही मेरी रुचि मिक्स्ड मार्शल आर्ट में थी। दुनिया के महान फाइटर जॉन जोन्स मेरे आदर्श रहे हैं। उनके मुकाबले देखकर मुझे हमेशा प्रेरणा मिलती थी। दिल्ली में मेरे एक रूममेट ने भी मुझे इस खेल में करियर बनाने की सलाह दी। उसी दिन मैंने तय कर लिया कि अब अपनी पहचान इसी खेल के माध्यम से बनाऊंगा।

---------------------------

**प्रश्न : शुरुआती संघर्ष कितना कठिन रहा?**

**देवगन :** संघर्ष बहुत बड़ा था। मैंने दिल्ली के एक प्रतिष्ठित प्रशिक्षण केंद्र में कोचिंग शुरू की, लेकिन उसकी फीस मेरे लिए बहुत अधिक थी। कई बार लगा कि सपना अधूरा रह जाएगा, लेकिन मैंने हार नहीं मानी। फीस भरने के लिए मैंने उसी प्रशिक्षण केंद्र में झाड़ू-पोछा तक किया। दिन में काम और बाकी समय कठोर अभ्यास–यही मेरी दिनचर्या बन गई। मुझे विश्वास था कि मेहनत एक दिन जरूर रंग लाएगी। कोचिंग सेंटर के प्रशिक्षक भी काफी सपोर्ट करते थे। मुझे जब पौष्टिक आहार नहीं मिलती थी तो उसे प्रशिक्षक ही अपना पौष्टिक आहार देकर पूरा करते थे। इस तरह मेरा प्रशिक्षण का दौर बहुत ही संघर्ष में रहा।

---------------------------

**प्रश्न : आपकी सबसे बड़ी उपलब्धि कौन-सी रही?**

**देवगन :** लगातार मेहनत के और अभ्यास के दम पर अपनी पहचान बनाई। रायपुर में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में लगातार तीन मुकाबले जीतने के बाद 14 में 11 एमएमए के मुकाबले अपने नाम किये। इसी प्रदर्शन के आधार पर मुझे भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। जुलाई 2026 में कोलकाता में आयोजित भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय मिक्स्ड मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में मैंने नेपाल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुनील पहान को मात्र 17 सेकंड में नॉकआउट कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इस जीत के बाद लोग मुझे द ग्लैडिएटर बीस्ट के नाम से पहचानने लगे। यह मेरे लिए गर्व का क्षण था और मेरे संघर्ष का सबसे बड़ा पुरस्कार भी।

---------------------------

**प्रश्न : परिवार का कितना सहयोग मिला?**

**देवगन :** मेरे पिता ईसीएल (Eastern Coalfields Limited) में कार्यरत थे और अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। मेरी माता गृहिणी हैं। आर्थिक परिस्थितियां हमेशा आसान नहीं रहीं, लेकिन परिवार ने मुझे कभी हिम्मत हारने नहीं दी। उनका विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है।

---------------------------

**प्रश्न : युवाओं के लिए आपका संदेश?**

**देवगन :** असफलता कभी अंत नहीं होती, बल्कि नई शुरुआत का अवसर होती है। यदि आपके भीतर जुनून, अनुशासन और निरंतर मेहनत करने का साहस है, तो कोई भी सपना असंभव नहीं है। मैं चाहता हूं कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवा भी बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए पूरी ताकत से संघर्ष करें।

## बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में चमकेगा दुमका का नाम : तकनीकी पदाधिकारी बने अनुराग




**दुमका।** जिले के लिए एक बेहद गौरवपूर्ण खबर सामने आई है। दुमका के रहने वाले अनुराग का चयन आगामी वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए तकनीकी पदाधिकारी (टेक्निकल ऑफिशियल) के रूप में किया गया है। वर्तमान में अनुराग नोएडा के प्रसिद्ध मयूर स्कूल में स्पोर्ट्स टीचर के पद पर कार्यरत हैं और खेल की दुनिया में लगातार अपनी पहचान मजबूत कर रहे हैं। इस प्रतिष्ठित वैश्विक टूर्नामेंट का आयोजन आगामी 17 से 23 अगस्त 2026 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में होने जा रहा है। इस चैंपियनशिप में दुनिया भर के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी अपने खेल का जौहर दिखाएंगे, जिसमें भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन, चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रंकीरेड्डी जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इतने बड़े स्तर के विश्व कप में तकनीकी पदाधिकारी के रूप में चुना जाना अनुराग की खेल के प्रति समझ और उनकी काबिलियत का बड़ा प्रमाण है। अनुराग की इस शानदार और ऐतिहासिक सफलता पर दुमका के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिला बैडमिंटन संघ, दुमका के अध्यक्ष उमाशंकर चौबे, सचिव दीपक कुमार झा और कोषाध्यक्ष राधे भालोटिया ने इसे पूरे जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। इसके साथ ही अकबर, सोनाय, आकाश समेत जिले के तमाम खेल प्रेमियों और गणमान्य लोगों ने अनुराग को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## एसकेएमयू में यूजी सत्र 2026-30 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू, सरकार ने तय की सीटें

**दुमका।** झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के अंतर्गत आने वाले सभी अंगीभूत महाविद्यालयों में स्नातक सेमेस्टर-1 के शैक्षणिक सत्र 2026-30 के लिए नामांकन को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। उच्च शिक्षा निदेशक सुधीर बाड़ा द्वारा विश्वविद्यालय के कुलसचिव को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि इस सत्र में विद्यार्थियों का नामांकन सरकार द्वारा पूर्व में निर्धारित की गई सीटों की संख्या के आधार पर ही किया जाएगा। इस संबंध में विभाग द्वारा पहले जारी किए गए संकल्प के तहत विश्वविद्यालय और उसके अंगीभूत कॉलेजों में शैक्षणिक पदों का पुनर्गठन किया जा चुका है, जिसके तहत कॉलेजों के लिए वार्षिक सीटों की संख्या तय है। सरकार ने विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया है कि छात्रों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए इस शैक्षणिक सत्र में तय की गई सीटों की सीमा के भीतर ही सभी विद्यार्थियों का समेकित रूप से नामांकन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि दाखिले की प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुगमता बनी रहे।

## ग्रामीण विवादों का अब गांव में ही होगा निपटारा दुमका में कम्युनिटी मीडिएशन ट्रेनिंग संपन्न



**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय कम्युनिटी मीडिएशन (सामुदायिक मध्यस्थता) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में होने वाले छोटे-मोटे आपसी विवादों को कोर्ट-कचहरी ले जाने के बजाय आपसी समझ, संवाद और मध्यस्थता के जरिए शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाना है, ताकि अदालतों पर मुकदमों का बोझ कम हो सके। तीन दिनों तक चले इस प्रशिक्षण में शामिल हुए प्रतिभागियों को कम्युनिटी मीडिएशन की बारीकियों से अवगत कराया गया। उन्हें सिखाया गया कि विवादों की पहचान कैसे करें, दोनों पक्षों के साथ प्रभावी तरीके से बातचीत कैसे शुरू करें, उनकी बातों को ध्यान से कैसे सुनें और बिना किसी पक्षपात के पूरी गोपनीयता बरतते हुए सर्वसम्मति से समाधान कैसे निकालें। प्रशिक्षण को व्यावहारिक और आसान बनाने के लिए प्रशिक्षकों ने केस स्टडी, उदाहरणों और व्यावहारिक अभ्यास का सहारा लिया। इसके माध्यम से प्रतिभागियों ने स्थानीय स्तर पर झगड़ों को तुरंत और सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटाने की तकनीकों को गहराई से समझा। समापन समारोह में वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि ग्रामीण समाज में आपसी तालमेल और भाईचारा बनाए रखने में कम्युनिटी मीडिएशन एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे ग्रामीणों का समय और पैसा दोनों बचेगा और वे लंबी न्यायिक प्रक्रिया से बच सकेंगे। प्रशिक्षण के अंत में सभी सफल प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया और इस मुहिम को गांव-गांव तक प्रभावी रूप से पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

# बासुकीनाथ धाम में दूसरी सोमवारी पर उमड़ी भीड़

## बिना कतार में लगे एलईडी स्क्रीन पर लाइव दर्शन कर जल अर्पित कर रहे श्रद्धालु



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के तहत दूसरी सोमवारी को बाबा बासुकीनाथ के दरबार में श्रद्धालुओं की अपार श्रद्धा और भक्ति उमड़ पड़ी। दूर-दराज से पहुंचे बड़ी संख्या में भक्तों ने बासुकीनाथ धाम में बाबा के दर्शन किए और पूरे विधि-विधान व श्रद्धा के साथ जलार्पण किया। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मेला क्षेत्र में बनाए गए विशेष जलार्पण काउंटर इस बार भक्तों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं। जलार्पण काउंटर के माध्यम से श्रद्धालुओं को बाबा बासुकीनाथ पर जल अर्पित करने की आधुनिक और सुगम सुविधा उपलब्ध कराई गई है। काउंटरों पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं, जिन पर बाबा बासुकीनाथ के लाइव दर्शन कराए जा रहे हैं। श्रद्धालु स्क्रीन पर बाबा का दर्शन करते हुए भावपूर्ण माहौल में जल अर्पित कर रहे हैं। यह पहल उन श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से राहत लेकर आई है जो घंटों कतार में खड़े रहने में असमर्थ हैं। बुजुर्ग, छोटे बच्चों के साथ आए परिवार और कतार की कठिनाई से बचने वाले लोग इस व्यवस्था का लाभ उठाकर कम समय में सहजता से जलार्पण कर रहे हैं।

पूरे मेला क्षेत्र और जलार्पण काउंटरों पर सुरक्षा बलों की पर्याप्त प्रतिनियुक्ति की गई है ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल में पूजा कर सकें। सुरक्षा कर्मियों द्वारा भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की आवाजाही पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए की गई यह व्यवस्था दूसरी सोमवारी पर श्रद्धालुओं की आस्था को सरलता और सुरक्षा के साथ जोड़ने में पूरी तरह सफल दिख रही है।

## डीसी ने खुद संभाला मोर्चा कंट्रोल रूम से रखी पैनी नजर



**दुमका।** राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2026 की दूसरी सोमवारी पर बाबा बासुकीनाथ धाम में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और विधि-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए उपायुक्त अभिजीत सिन्हा खुद धरातल पर उतरे और पूरे मेला क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सबसे पहले मुख्य कंट्रोल रूम पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरे मेला परिसर, प्रवेश मार्गों और गर्भगृह के आसपास की गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में कहीं भी भीड़ को एक जगह जमा न होने दिया जाए।

## बाबा ज्ञानेश्वर मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**मसलिया।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में सावन माह के दूसरे सोमवार को श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही और पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव व बोल बम के जयकारों से गूंजता रहा। प्रखंड क्षेत्र के बड़ा डुमरिया पंचायत अंतर्गत घुरमुन्दनी-नवजोड़ा के बीच जोरिया किनारे स्थित बाबा ज्ञानेश्वर मंदिर में जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ देखी गई। अहले सुबह से ही श्रद्धालु सिला नदी से जल लेकर मंदिर पहुंचे। इसके बाद श्रद्धालुओं ने बाबा ज्ञानेश्वर का जलाभिषेक कर फूल, बेलपत्र, धतूरा सहित अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। पूजा-अर्चना के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से अपने परिवार और क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

## कस्तूरबा विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन



**सरैयाहाट।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन को लेकर अभिभावकों एवं शिक्षकों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता चेतलाल दास ने की। पर्यवेक्षक के रूप में विकास ठाकुर मौजूद थे। बैठक में निर्धारित प्रक्रिया के तहत समिति के 20 सदस्यों का चयन किया गया। चयनित सदस्यों ने सर्वसम्मति से किरण कुमारी को अध्यक्ष तथा मुकेश पासवान को उपाध्यक्ष चुना। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाने पर चर्चा हुई। छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, आवासीय व्यवस्था, भोजन, साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।पर्यवेक्षक विकास ठाकुर ने नवचयनित सदस्यों को उनके दायित्वों की जानकारी देते हुए विद्यालय के विकास में प्रबंधन समिति की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष किरण कुमारी और उपाध्यक्ष मुकेश पासवान ने विद्यालय हित में पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की बात कही। मौके पर वार्डन छाया रानी, सहायक शिक्षिका संगीता टुडू समेत अन्य शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

## एसाईआर को लेकर बैठक, 15 अगस्त को होगी ग्राम सभा

**मसलिया।** एसाईआर-2026 के तहत प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद आगामी निर्वाचन कार्यों को लेकर सोमवार को मसलिया प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अजफर हसनैन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सभी बीएलओ सुपरवाइजर एवं प्रखंड कर्मियों को निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि 5 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन हो चुका है। इसके बाद 15 अगस्त को ग्राम सभा आयोजित कर मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन और निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में लोगों को जागरूक किया जाएगा। वहीं दावों एवं आपत्तियों के संग्रहण तथा योग्य मतदाताओं से आवेदन प्राप्त करने के लिए 22 एवं 23 अगस्त को मतदान केंद्र स्तर पर द्वितीय विशेष कैंप लगाया जाएगा। निर्देश दिया गया कि 25 अगस्त से 4 सितंबर तक घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा। इस दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक योग्य भारतीय नागरिक ने प्रपत्र-6 जमा किया है अथवा उसका नाम प्रारूप मतदाता सूची में दर्ज है। बैठक में मुराद आलम, तंजीम आलम, कृष्णेंदु मिश्रा, सूरज कुमार, अल्फोंस मुर्मू, प्रमोद मुर्मू सहित अन्य बीएलओ सुपरवाइजर एवं प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## 17 वाहन चालकों के कटे ऑनलाइन चालान



**गोपीकांदर।** थाना पुलिस ने गोबिंदपुर-साहेबगंज स्टेट हाईवे पर कारूडीह मोड़ के पास एक बड़ा और सघन वाहन जांच अभियान चलाया है। यह पूरी कार्रवाई थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत के नेतृत्व में टीम बनाकर की गई। इस विशेष अभियान के तहत हाईवे से गुजरने वाले सभी प्रकार के दो पहिया, चार पहिया और मालवाहक वाहनों को रोककर उनकी गहन तलाशी ली गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने चालकों के हेलमेट, वाहनों की डिक्की, ड्राइविंग लाइसेंस, सीट बेल्ट और गाड़ी के अन्य जरूरी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। इस दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले और बिना कागजात के वाहन चलाने वाले 17 वाहन चालकों को पकड़ा गया, जिनका मौके पर ही ऑनलाइन चालान काटा गया। पुलिस की इस अचानक हुई कार्रवाई से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। इस मौके पर एएसआई मनोज सोरेन, अनुप बाउरी, बृजमोहन सिंह, रंजीत बेसरा, जोएल टुडू सहित कई अन्य पुलिस जवान और चौकीदार मुस्तैद रहे।

## पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवक घायल

**रानेश्वर।** दुमका-सिउड़ी मुख्य पथ पर महेशखला शांति होटल के पास सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सिउड़ी से अपने घर लौट रहे दो मोटरसाइकिल सवार युवकों को एक तेज रफ्तार पिकअप ट्रक ने सामने से सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही रानेश्वर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों घायल युवकों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानेश्वर में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। दोनों की नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें सिउड़ी रेफर कर दिया गया है।

## 13 दुकानों से लिए गए 38 फूड सैंपल लैब भेजा गया पेड़े का लीगल नमूना



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के दौरान बासुकीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं की सेहत और सुरक्षा को लेकर खाद्य सुरक्षा टीम पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। श्रद्धालुओं को शुद्ध और उच्च गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री मिले, इसके लिए टीम लगातार औचक निरीक्षण कर रही है। इसी कड़ी में 10 अगस्त 2026 को टीम ने बासुकीनाथ के पेड़ा गली, सब्जी बाजार चौक और शीतला मंदिर रोड समेत कुल 13 होटलों और दुकानों पर सघन जांच अभियान चलाया।

इस कार्रवाई के दौरान मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के जरिए मौके पर ही 38 अलग-अलग खाद्य पदार्थों के सैंपल परखे गए। इनमें पेड़ा, दही, तेल, हल्दी, सब्जी और सेव जैसी सामग्रियां शामिल थीं। राहत की बात यह रही कि मौके पर की गई जांच में सभी 38 नमूने मानकों के अनुरूप बिल्कुल सही पाए गए। इसके अलावा पेड़े का एक लीगल सैंपल भी जब्त किया गया है, जिसे विस्तृत वैज्ञानिक जांच के लिए केंद्रीय प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। वहां से रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई तय की जाएगी।

श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य से कोई खिलवाड़ न हो, इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में यह निगरानी अभियान लगातार जारी रहेगा। इस पूरे एक्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंजना रानी मिंज, सुबीर रंजन, डेजी नीलिमा तिग्गा सहित जरमुंडी थाना पुलिस बल और मोबाइल लैब के तकनीकी विशेषज्ञ पंकज कुमार व सुधांशु कुमार मुख्य रूप से शामिल रहे।

## टेम्पो में गूंजी किलकारी, सूझबूझ से बची जच्चा-बच्चा की जान



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**गोपीकांदर।** प्रखंड के सिद्धपहाड़ी गांव में जागरूकता की कमी और वक्त पर साधन न मिलने के कारण एक गर्भवती महिला को मजबूरन टेम्पो से अस्पताल का रुख करना पड़ा। रास्ते में ही प्रसव पीड़ा बढ़ने पर महिला ने टेम्पो के भीतर बच्चे को जन्म दिया। हालांकि, टेम्पो चालक की सूझबूझ और डॉक्टरों की मुस्तैदी से अब जच्चा-बच्चा दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं।

सिद्धपहाड़ी निवासी सुनील देहरी की पत्नी जुली कुमारी को सोमवार को अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हुई। उस वक्त जुली के पति घर पर मौजूद नहीं थे। ग्रामीण इलाकों में सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं और 108 एंबुलेंस सेवा की सही जानकारी न होने के कारण परिवार के अन्य सदस्यों को कुछ सूझ नहीं रहा था। उन्होंने एंबुलेंस को फोन करने के बजाय आनन-फानन में एक स्थानीय टेम्पो का इंतजाम किया और महिला को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोपीकांदर के लिए रवाना हो गए।

अस्पताल पहुंचने से पहले ही बीच रास्ते में जुली कुमारी की स्थिति बेहद गंभीर हो गई। दर्द असहनीय होने पर उसने टेम्पो के अंदर ही एक नवजात शिशु को जन्म दे दिया। स्थिति को भांपते हुए टेम्पो चालक ने बिना समय गंवाए तेजी और समझदारी से गाड़ी को सीधे सीएचसी गोपीकांदर पहुंचाया। अस्पताल के मुख्य द्वार पर पहुंचते ही वहां तैनात एएनएम और डॉक्टरों की टीम ने तुरंत मोर्चा संभाला।

# सिदो कान्हू हाई स्कूल में फुटबॉल चैंपियनशिप में विंगचेस्टर और होटर एफसी बनीं चैंपियन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू ग्रुप ऑफ स्कूल्स, दुमका द्वारा हवाई अड्डा, आसनसोल स्थित सिदो कान्हू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित फ्रीडम फुटबॉल चैंपियनशिप 2026 का फाइनल मुकाबला बेहद उत्साह और रोमांच के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं एवं कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कक्षा आठवीं वर्ग के फाइनल मुकाबले में विंगचेस्टर टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि ब्लू लॉक की टीम उपविजेता रही। इस वर्ग में ओंकार सिंह को उनके शानदार खेल के लिए 'बेस्ट प्लेयर' तथा दीपक राज को 'टॉप स्कोरर' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, कक्षा ग्यारहवीं वर्ग के फाइनल मुकाबले में होटर एफसी टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि मोहन बागान टीम उपविजेता रही।

प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को विद्यालय के सचिव प्रदीप्त मुखर्जी, निर्देशिका सुनीता मुखर्जी एवं प्राचार्य देवप्रिय मुखर्जी के कर-कमलों द्वारा ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के सचिव प्रदीप्त मुखर्जी ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास और कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती सुनीता मुखर्जी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं, बल्कि मानसिक मजबूती, सहयोग की भावना और सकारात्मक सोच का भी विकास करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य देवप्रिय मुखर्जी ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी खिलाड़ियों, खेल शिक्षकों एवं आयोजन समिति के सदस्यों को बधाई दी। इस खेल महोत्सव का आयोजन विद्यालय प्रबंधन के कुशल दिशा-निर्देशन में खेल शिक्षक रणजीत मिश्रा, मंतोष तिवारी एवं सीसीए विभागाध्यक्ष सुनील कुमार की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# प्रतिरोध सभा : किसान-मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ गरजा संयुक्त किसान मोर्चा



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आयोजित देशव्यापी 'जेल भरो अभियान' के तहत दुमका समाहर्नालय प्रांगण में एक विशाल प्रतिरोध सभा का आयोजन किया गया। यह प्रतिरोध सभा झारखंड राज्य किसान सभा, सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स, आदिवासी अधिकार मंच और अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में केंद्र की मोदी सरकार की किसान व मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीटू नेता अखिलेश कुमार झा ने की।

सभा को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए एआईकेएस के राज्य संयुक्त सचिव कामरेड एहतेशाम अहमद ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अमेरिकी साम्राज्यवाद, आईएमएफ और विश्व बैंक के दबाव में देश पर ऐसी नीतियां थोपी जा रही हैं, जो हमारी आर्थिक संप्रभुता और आत्मनिर्भर विकास पर सीधा हमला हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशी दबाव और कॉरपोरेट घरानों के कब्जे के कारण स्थानीय उद्योगों, किसानों, मजदूरों और मेहनतकश जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

कामरेड एहतेशाम ने अमेरिका-भारत व्यापार समझौते का विरोध करते हुए कहा कि अमेरिका को जीरो टैरिफ देने और भारतीय सामानों पर 18 प्रतिशत टैरिफ लगाने की व्यवस्था से देश के किसानों को भारी नुकसान होगा और यह भारतीय कृषि को गुलाम बनाने की साजिश है।

उन्होंने याद दिलाया कि 13 महीने से अधिक चले ऐतिहासिक किसान आंदोलन के बाद सरकार को तीन काले कृषि कानून वापस लेने पड़े थे। इसके साथ ही उन्होंने एमएसपी की वैधानिक गारंटी देने, भारत-अमेरिका व्यापार संधि रद्द करने, चारों लेबर कोड, बिजली संशोधन विधेयक 2025, 'बीबी रामजी' अधिनियम, 'सबकी सुरक्षा सबका बीमा' विधेयक 2025 और 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान' विधेयक 2025 को वापस लेने की मांग उठाई।

सभा के माध्यम से स्थाई नौकरियों का ठेकाकरण रोकने, सभी कृषि उत्पादों की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करने, सभी के लिए सम्मानजनक रोजगार, न्यूनतम मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा व पेंशन देने, सदियों से जंगलों में बसे गरीबों और भूमिहीन मजदूरों को वन पट्टा देने, स्कीम वर्कर्स और अनुबंध कर्मचारियों के नियमितीकरण तथा विस्थापितों के उचित मुआवजा एवं पुनर्वास की मांग की गई।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686